


# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, रविवार, 30 नवंबर 2025
संवत 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष 10 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 81, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ एली अवराम ने बतायी हुमा डोल के पीछे अपने सपनों की कहानी
क्या है खाटू श्याम का इतिहास ◂◂ 6


बारात से पहले निकली अर्थी

# शादी के कुछ घंटे पहले दूल्हे ने की आत्महत्या

## परिजनों ने इस घटना के लिए पुलिस को ठहराया जिम्मेदार

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को नितेश पांडेय नाम के एक युवक ने अपनी बारात निकलने से पहले सुसाइड कर लिया। नितेश के परिजनों ने इसके लिए पुलिस और एक युवती को जिम्मेदार ठहराया है। रांची एसएसपी ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

**क्या है पूरा मामला:** रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड नंबर 5 में शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई। बारात निकलने से पहले दूल्हे की आत्महत्या से पूरे



मोहल्ले में मातम पसर गया। दरअसल, नितेश पांडेय नामक युवक रेलवे में कार्यरत था, उसकी शनिवार को शादी थी, लेकिन इससे पहले ही किशोरगंज के रोड नंबर 05 स्थित अपने ही कमरे में नितेश पांडेय ने आत्महत्या कर ली। नितेश के आत्महत्या को लेकर परिजनों ने सुखदेव नगर पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया है। परिजनों में पुलिस को लेकर आक्रोश है। परिजनों ने आत्महत्या की वजह पुलिस प्रताड़ना बताया है। नितेश के भाई नीरज पांडेय ने बताया कि 26 नवंबर को उसका तिलक था। इसी बीच प्रियंका नाम की एक लड़की ने उस पर यौन शोषण का आरोप लगाकर केस कर दिया। थाना से बिना किसी जांच के नितेश को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद उसे छोड़ने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियो को मैनेज करने के नाम पर दस लाख रुपये भी वसूले गए। भाई नीरज पांडेय ने बताया कि थाने के मुंशी परशुराम कभी एक लाख तो कभी दो लाख की मांग करता था। कभी सिटी, एसपी तो कभी कोतवाली डीएसपी के नाम पर पैसे की मांग की जाती थी। थाने से छोड़ने के बावजूद आरोप लगाने वाली लड़की उसे बहुत परेशान कर रही थी, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर ली।

**रात 12 बजे शव उठा:** पुलिस पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एसएसपी रांची ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। नितेश की मौत को लेकर सुखदेव नगर में शनिवार की देर रात तक हंगामा होता रहा। परिजनों और मोहल्ले वालों का आक्रोश पुलिस के प्रति बहुत ज्यादा था। रविवार को अब नितेश का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

**जांच के आदेश:** रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन ने बताया कि मामले में अगर किसी भी पुलिस वाले की भूमिका पाई जाएगी तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परिजनों द्वारा जो भी आरोप लगाए गए हैं, उस पर गहनता से जांच की जा रही है।

### पारा शिक्षक की पत्थर से कूचकर हत्या, मुख्यमंत्री के हाथों मिलने वाला था नियुक्ति पत्र

**चाईबासा:** एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां पारा शिक्षक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला जिले के टोटो थाना क्षेत्र के पुरनापानी हाट का है। बताया जा रहा है कि पोखरिया गांव के रहने वाले मुकरू देवगम नामक व्यक्ति सुंडी सुरनिया गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 20 वर्षों से पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। मुकरू देवगम को शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन से नियुक्ति पत्र मिलने वाला था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। शुक्रवार को मुकरू देवगम स्कूल गए और छुट्टी के बाद हाट पहुंचे। रात तक वह घर नहीं लौटे। परिजनों ने उन्हें काफी ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिले। शनिवार सुबह एक जगह पर मुकरू देवगम की लाश मिली।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मुकरू देवगम की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की गई है। हालांकि परिजनों ने बताया कि मृतक का किसी के साथ कोई विवाद या दुश्मनी नहीं थी। वह हमेशा समय पर स्कूल जाता और लौटता था। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## राहुल और सोनिया गांधी की फिर बढ़ी मुश्किलें नेशनल हेराल्ड केस में नई एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है। तीन अक्तूबर को दर्ज की गई एक एफआईआर में छह अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। उन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने की आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है। मुकदमे के विवरण के अनुसार गांधी परिवार ने अपनी 76 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कंपनी यंग इंडियन के जरिए एजेएल का अधिग्रहण कराया। एजेएल कांग्रेस से जुड़ी कंपनी है और इसकी अनुमानित संपत्ति 2,000 करोड़ रुपए है।

पुलिस की यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच इकाई की शिकायत पर हुई है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में काफी समय से जारी धन शोधन जांच के निष्कर्ष दिल्ली पुलिस को सौंपे थे। ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) का इस्तेमाल किया जिसके तहत वह किसी अन्य एजेंसी को अनुसूचित अपराध की जांच करने का निर्देश दे सकता है। यही अपराध बाद में ईडी के धन शोधन मामले का आधार बन सकता है। एफआईआर में गांधी परिवार के अलावा सैम पित्रोदा (भारतीय विदेशी कांग्रेस के अध्यक्ष), तीन कंपनियां-एजेएल, यंग इंडियन और कोलकाता की डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल हैं। डॉटेक्स को एक शेल कंपनी बताया गया है, जिसने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपए दिए थे। यह धनराशि बाद में कांग्रेस पार्टी को 50 लाख रुपए देकर अधिक संपत्ति वाली एजेएल को हासिल करने में इस्तेमाल की गयी। जांच के तहत पुलिस एजेएल के शेयरधारकों से पूछताछ करेगी कि क्या कंपनी को यंग इंडियन (गांधी परिवार की कंपनी) के स्वामित्व में करने से पहले उनकी सहमति ली गई थी या नहीं। यह नयी एफआईआर इस मामले में एक और कानूनी मामला जोड़ती है जो सबसे पहले भाजपा के पूर्व सांसद डॉ सुब्रह्मण्यम स्वामी की शिकायत से शुरू हुई थी। इसी मामले में ईडी ने अप्रैल महीने में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की थी।

## शादी समारोह में गैंगवार, दो गुटों के बीच हुई अंधाधुंध फायरिंग, महिला समेत दो लोगों की मौत



संवाददाता

**फिरोजपुर:** पंजाब के लुधियाना में स्थानीय मैरिज पैलेस बाथ कैसल में शनिवार देर रात एक शादी समारोह गैंगवार का केंद्र बन गया। यहां दो दुश्मन गैंगों के आमने-सामने आने के बाद अंधाधुंध गोलियां चलीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर 70 से 80 राउंड फायरिंग की। इस गोलीबारी में विवाह समारोह में शामिल एक महिला और एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 4 से 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के समय शादी में मौजूद लोग गोलियों की आवाज सुनते ही डर कर कुर्सियों व अन्य जगहों के पीछे छिप गए तथा कई लोग अपनी जान बचाने के लिए समारोह स्थल से भाग निकले। बताया गया कि उस समय समारोह में कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थिति थे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर में मेलों के ठेकेदार के बेटे की शादी उसी पैलेस में थी। समारोह में दोनों गैंगों के सदस्यों को बुलाया गया था, जिनके बीच लंबे समय से दुश्मनी चली आ रही थी। शराब के नशे में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो जल्द ही झगड़े में बदल गई। देखते ही देखते दोनों ओर से गोलियां चलनी शुरू हो गईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गोली लगने से नीरू छाबड़ा नामक महिला और वासू नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, विवाद शांत कराने पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता जे.के. डावर भी गोली लगने से घायल हुए, जिन्हें डीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ ही मिनटों में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। घटना के बाद आरोपी गैंगस्टर मौके से फरार हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले सभी हमलावर वहां से निकल चुके थे। पुलिस अब स्थल पर लगे सीसीटीवी की जांच कर रही है। एसीपी हरजिंदर सिंह ने पुष्टि की कि दो लोगों की मौत हुई है और मामले की जांच जारी है।

चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

## 12 राज्यों में एसआईआर अपडेट की डेडलाइन 7 दिन बढ़ी, जारी हुआ नया शेड्यूल



**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रक्रिया की समय-सीमा को 7 दिन और बढ़ा दिया है। आयोग ने अपने पुराने आदेश को रद्द करते हुए पूरी प्रक्रिया के लिए नया संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है। यह विस्तार विशेष रूप से उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए किया गया है, जहां स्क्ष प्रक्रिया पहले से चल रही थी। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, गोवा, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं। आयोग के अनुसार, मतदाता सूची को अधिक सटीक, त्रुटिहीन और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से यह अतिरिक्त समय दिया गया है।

आयोग द्वारा जारी किए गए नए कार्यक्रम के अनुसार, अब घर-घर सत्यापन (एन्यूमरेशन) और मतदान केंद्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया 11 दिसंबर 2025 तक जारी रहेगी। इसके बाद कंट्रोल टेबल अपडेट करने और ड्राफ्ट रोल तैयार करने का काम 12 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 के बीच पूरा किया जाएगा। मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन अब 16 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। इसके साथ ही, मतदाता अपना नाम जुड़वाने, हटवाने या किसी भी प्रकार के सुधार के लिए दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दाखिल कर सकेंगे। इन दावों और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया 7 फरवरी 2026 तक पूरी कर ली जाएगी।

समय-सीमा बढ़ने का सीधा फायदा आम मतदाताओं और चुनावी तंत्र दोनों को मिलेगा। जो लोग अब तक किसी कारणवश वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं जुड़वा पाए थे या जिनके विवरण में कोई गलती थी, उन्हें सुधार के लिए अब एक सप्ताह का अतिरिक्त समय मिल गया है। साथ ही, बीएलओ और ईआरओ स्तर पर फील्ड वेरिफिकेशन और सुनवाई के लिए भी अब अधिक समय उपलब्ध होगा, जिससे अंतिम मतदाता सूची में गलतियों की गुंजाइश कम होगी और आयोग का एक सटीक मतदाता सूची तैयार करने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

## आज भारत के तटीय राज्यों में पहुंच सकता है दितवा तूफान

### 5 एनडीआरएफ टीमें तैनात, 47 फ्लाइट कैंसिल, 3 राज्यों में रेड अलर्ट जारी



**श्रीलंका में गई 150 से ज्यादा लोगों की जान**

**नई दिल्ली :** श्रीलंका में भारी तबाही मचाने के बाद चक्रवाती तूफान दितवा अब तेजी से भारत की ओर बढ़ रहा है। अनुमान है कि यह तूफान आज किसी भी समय उत्तर तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों से टकरा सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है और एहतियातन एनडीआरएफ की 14 टीमों को तैनात किया गया है। पिछले 6 घंटों में यह चक्रवात दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी व आसपास के उत्तरी श्रीलंका और तमिलनाडु के तटों के पास लगभग 5 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर दिशा में आगे बढ़ा। उस समय यह वेदारण्यम से लगभग 90 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व, कराईकल से 90 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व, श्रीलंका के जाफना से 130 किलोमीटर उत्तर-उत्तरपूर्व, पुडुचेरी से 160 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व तथा चेन्नई से 260 किलोमीटर दक्षिण दिशा में केंद्रित था। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में दितवा तूफान उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों के समानांतर उत्तर दिशा की ओर बढ़ सकता है। आज सुबह 2:30 बजे यह दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे श्रीलंका व तमिलनाडु के तटों के पास केंद्रित था, जो पुडुचेरी से लगभग 160 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और चेन्नई से करीब 250 किलोमीटर दक्षिण में स्थित था।

तारीख पे तारीख पर लगेगा ब्रेक!

## सुप्रीम कोर्ट में केस लिस्टिंग प्रक्रिया में बड़े सुधार, कल से स्वत: लिस्ट होंगी नई याचिकाएं

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट की कार्यप्रणाली को तेज, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उखकने सुप्रीम कोर्ट में मामलों की लिस्टिंग प्रणाली में व्यापक बदलाव करने का ऐलान किया है। 1 दिसंबर से यह नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। नई व्यवस्था के तहत सभी नई याचिकाएं स्वतः लिस्ट होंगी, जिससे वकीलों और पक्षकारों द्वारा कोर्ट में मेंशनिंग करने की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाएगी।

**क्या होंगे प्रमुख बदलाव :-**

व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों को मिलेगी प्राथमिकताः व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों–जैसे कि तत्काल अंतरिम राहत की मांग करने वाली याचिकाएं–को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे मामलों में, त्रुटियां दूर होने और सत्यापन पूर्ण होने के बाद, मामले दो कार्य-दिवसों के भीतर सूचीबद्ध कर दिए जाएंगे।

जमानत याचिकाओं के त्वरित निपटान के लिए नई व्यवस्थाः जमानत से जुड़ी याचिकाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए अब



याचिकाकर्ता को केंद्र/राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के संबंधित नोडल अधिकारी या स्टैंडिंग काउंसिल को अग्रिम प्रति उपलब्ध करानी होगी। इससे सुनवाई प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

अत्यावश्यक मामलों के लिए विशेष समय-खिड़कीः ऐसे मामलों में जिन्हें निर्धारित तिथि तक प्रतीक्षा नहीं कराया जा सकता–जैसे अग्रिम जमानत, मृत्यु-दंड, हैबियस कॉर्पस, बेदखली/उजाड़ने या ढहाने से जुड़े मामले–उन्हें सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे के बीच मेंशन किया जा सकेगा।

सीनियर काउंसिल को मौखिक मेंशनिंग की अनुमति नहींः अब सीनियर काउंसिल को मौखिक मेंशनिंग की अनुमति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट युवा वकीलों को अवसर देने की दिशा में जूनियर वकीलों को मेंशनिंग करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

पुराने मामलों के लिए स्थगन-पत्र नहीं माने जाएंगेः लंबे समय से लंबित नियमित सुनवाई वाले मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के लिए, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में स्थगन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। वहीं इसे लेकर कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि नई व्यवस्था से कोर्ट में रोजाना होने वाली भीड़भाड़ और मेंशनिंग की अनिश्चितता में कमी आएगी।

## मन की बात में पीएम मोदी ने गिनाईं वो उपलब्धियां, जिन पर हर भारतीय को है गर्व



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवंबर महीने को प्रेरणाओं का महीना बताते हुए देश की सांस्कृतिक, कृषि, रक्षा और खेल जगत की उपलब्धियों को साझा किया। पीएम ने कहा कि चाहे 357 मिलियन टन का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हो या नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम की विश्व विजय, भारत का परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है।

कृषि में ऐतिहासिक रिकॉर्डः 10 साल में बढ़ा 100 मिलियन टन उत्पादन प्रधानमंत्री ने अन्नदाताओं की मेहनत की सराहना करते हुए बताया कि भारत ने कृषि क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। देश में 357 मिलियन टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ है, जो एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। उन्होंने तुलना करते हुए बताया कि पिछले 10 वर्षों में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन बढ़ा है, जो देश की आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। रक्षा और अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर भारत की गूंज पीएम मोदी ने रक्षा और स्पेस सेक्टर में भारत की लंबी छलांग का जिक्र किया। उन्होंने हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ फैसिलिटी के उद्घाटन, मुंबई में आईएनएस माहे के नौसेना में शामिल होने और स्काईरूट के नए कैंपस का उल्लेख करते हुए इसे भारत की नई सोच और युवा शक्ति का प्रतिबिंब बताया।

## समाचार सार

### चार किलो गांजा के साथ युवक पकड़ाया, एक फरार

**धनबादः** एलेप्पी एक्सप्रेस से धनबाद आये एक युवक को आरपीएफ, सीआइबी व जीआरपी टीम ने शनिवार को गांजा के साथ पकड़ा है। पकड़ाया युवक कमरुद्दीनपुर अनई बाजार। जौनपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी जमील हाशमी है। उसके पास से चार पैकेट में बंधा हुआ चार किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। टीम ने धनबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या छह पर 11:05 बजे ट्रेन संख्या 13352 एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस के पीछे साइड जनरल कोच से संदिग्ध हालत में भागते हुए उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि बैग में गांजा है। बैग से चार पैकेट मिला। जिसका वजन 4 ।220 किलोग्राम है।

पूछताछ में उसने बताया कि दोस्त पंकज कुमार के कहने पर वाराणसी से रांची पहुंचा, जहां पर पहले से पंकज था। पंकज ने एक बैग में चार पैकेट गांजा दिया था, जिसे वाराणसी पहुंचाना था। गांजा को लेकर वह और पंकज धनबाद आ गया। यहां से अगले ट्रेन से वाराणसी लेकर जाना था। लेकिन जीआरपी ने पकड़ लिया। इस संबंध में पकड़ाये युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं फरार नूरपुर बाजार जौनपुर निवासी पंकज कुमार की पुलिस तलाश कर रही है। जब्त गांजा का अनुमानित मूल्य दो लाख 10 हजार रुपये है।

### सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गरिमामयी विदाई



**रांचीः** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवंबर 2025 में मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले 6 कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। साथ ही सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सेवानिवृत्त साथियों को भी उनके-अपने क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में ससम्मान विदा किया गया। सीसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों से कुल मिलाकर आज 129 कर्मियों को गरिमापूर्ण तरीके से विदाई दी गई।

कार्यक्रम के दौरान सीसीएल मुख्यालय में एक शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने अनुभव, भावनाएँ और यादें साझा कीं।

मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के नाम इस प्रकार हैं- अमल कुमार पाठक, मुख्य प्रबंधक (ईएंडएम), ईएंडएम, जेएसएसपीएस विभाग; श्री संजय कुमार सरकार, कार्यालय अधीक्षक, सुरक्षा विभाग, उबोध राम, वरीय डीईओ।, सुरक्षा विभाग; मीना देवी, लिपिक ग्रेड-क्क; प्रणाली विभाग; मो। आबुल अंसारी, सहायक पर्यवेक्षक, ट्रांसपोर्ट, सामान्य प्रशासन विभाग एवं कारी देवी, सफाई मेट, कल्याण एवं सेवा विभाग। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ, जेएसएसपीएस नवीन कुमार झा उपस्थित रहे। जेएसएसपीएस के सीईओ, नवीन कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि सीसीएल परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि हमारे 129 साथियों ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी से कंपनी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ हैं और जीवन के इस नए अध्याय के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सुख और सक्रियता की शुभकामनाएं देते हैं। समारोह में विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी सेवानिवृत्तजनों को शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

### सम्मान समारोह का आयोजन कर सेवा निवृत किर्मियों को दी गयी विदाई




**धनबादः** बीसीसीएल में शनिवार को सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों तथा मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कंपनी के आधा दर्जन अधिकारियों तथा मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले चार कर्मचारियों सहित कुल 10 कार्मिकों को विदाई दी गयी। कोयला भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में विदाई समारोह की अध्यक्षता बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने की। अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, सीएमएस डॉ पूनम दुबे, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कुमार मनोज, महाप्रबंधक (श्रमशक्ति नियोजन) अपूर्व कुमार मित्रा, महाप्रबंधक (प्रशासन) अर्पण घोष, विभागाध्यक्ष (अधिकारी स्थापना) शोभाजे कुजूर, विभागाध्यक्ष (कल्याण) किरण रानी नायक सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्यालय के अन्य महाप्रबंधकगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी-कर्मी के साथ बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के परिजन भी उपस्थित थे।

सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि किसी भी कर्मी के लिए सेवानिवृत्ति उसके कार्यकाल की एक गौरवपूर्ण यात्रा की सार्थक पूर्णता है। सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को उनके जीवन के नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद का समय आत्मसंतोष, व्यक्तिगत विकास और समाज के प्रति योगदान का होता है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने अर्जित अनुभवों को नई पीढ़ी के साथ साझा करें, जिससे संगठनात्मक संस्कृति और कार्य दक्षता का निरंतर विकास हो सके।

**अनुभवों को संगठन, समाज के साथ साझा करें :** डीपी निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि सेवानिवृत्त सभी कार्मिकों का योगदान बीसीसीएल की प्रगति और उपलब्धियों का अभिन्न हिस्सा रहा है। सभी कार्मिकों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने, स्वयं को सक्रिय और उत्पादक बनाए रखने तथा अपने अनुभवों को संगठन और समाज के साथ साझा करने की सलाह दी।

### कृषि के लिए जल की उपलब्धता हमारे विकास का मूल आधार : एसी

**गुमलाः** जिले में जल संसाधनों की उपलब्धता व सिंचाई संरचनाओं के वैज्ञानिक प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को टाउन हॉल गुमला में सप्तम लघु सिंचाई गणना, द्वितीय जल निकाय गणना व प्रथम स्प्रिंग्स गणना के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गुमला, घाघरा, भरनो, बिशुनपुर, रायडीह, सिसई, बसिया, कमडारा, पालकोट, चैनपुर, जारी व डुमरी प्रखंड के बीडीओ समेत संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि एसी गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक, डीसीएलआर राजीव कुमार व एमआइ के इइ रवि कुमार ने संयुक्त रूप से किया। एसी शशिंद्र कुमार बड़ाइक ने कहा कि यह गणना केवल एक सांख्यिकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों की आजीविका व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित एक राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए जल की उपलब्धता हमारे विकास का मूल आधार है और इस वैज्ञानिक सर्वे के माध्यम से जलस्रोतों की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन संभव होगा, जिससे भविष्य की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। डीसीएलआर राजीव कुमार ने कहा कि सर्वेक्षण कार्य मोबाइल ऐप आधारित डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किया जायेगा, जिसमें सिंचाई संरचनाओं का भौतिक सत्यापन व डाटा संकलन पूरी गंभीरता व शुद्धता के साथ किया जाना आवश्यक है।

### चुटूपालू घाटी में सड़क हादसा

# अनियंत्रित ट्रेलर ने कई वाहनों को रौंदा, आग की चपेट में आया ट्रेलर



**संवाददाता**

**रांची /रामगढ़ः** रांची-पटना हाईवे के चुटूपालू घाटी में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना हुई। आयरन ओर से भरा एक ट्रेलर रांची की ओर से रामगढ़ की तरफ जा रहा था। जैसे ही वाहन घाटी क्षेत्र में पहुँचा, ट्रेलर अचानक अनियंत्रित हो गया और आगे चल रहे कई छोटे वाहनों, ऑटो और बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि क्षण भर में पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

ट्रेलर के पलटते ही उसमें आग लग गई और देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। दुर्घटना के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे हटाने में पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मेहनत की।

इस हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से लापता है। पुलिस यह जांच कर रही है कि वह घायल होकर कहीं गिर गया या फिर घटना के डर से भाग निकला। उसकी तलाश में पुलिस टीम जुट गई है। रामगढ़ पुलिस ने हाईवे पर यातायात को बहाल करने का काम शुरू कर दिया है और दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक अनुमान के अनुसार ब्रेक फेल होने या वाहन की तेज रफ्तार इस बड़ी दुर्घटना की वजह हो सकती है।

## झारखंड में काल बनकर आया शनिवार!

### चार अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**रांचीः** झारखंड में बीते शनिवार काल बनकर आया क्योंकि अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई और 11 घायल हो गए। घटना की सूचान पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गुमला जिले में सिसई थाना क्षेत्र के अंतर्गत रांची-गुमला मार्ग पर शनिवार सुबह एक कार की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की रेफरल अस्पताल सिसई में मौत हो गई। बच्चे को एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था और बाद में उसका शव उसके परिवार को सौंप दिया गया। हजारीबाग जिले में रांची से पटना जा रही एक बस दनुआ भनुआ घाटी के महानीतर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर पलट गई, जिससे आठ लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

तीसरी घटना रामगढ़ जिले में हुई। यहां रांची-रामगढ़ राजमार्ग पर दुर्घटना संभावित चुट्टूपालु घाटी में एक ट्रक पहले एक ऑटो-रिक्शा से टकराया और फिर सड़क किनारे चट्टानों से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गयी। इस दुर्घटना में ट्रक और ऑटो-रिक्शा चालक घायल हो गए। ऑटो-रिक्शा चालक को इलाज के लिए रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया है। गोड्डा जिले में एक अज्ञात वाहन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। यह दुर्घटना बेलबड्डा थाने के अधिकार क्षेत्र में घोरीचक मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-133 पर हुई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान बिहार के भागलपुर जिले के सादी गांव के पिंटू मंडल (27) और अमित कुमार (28) के रूप में हुई है।

# पौधरोपण के प्रति जागरूक करता है स्मृति वृक्ष विहार




**बोकारोः** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) की ओर से संचालित सेक्टर चार में जैविक उद्यान बोकारो में स्मृति वृक्ष विहार एक ऐसी जगह है, जहां बोकारो आने वाले गणमान्य व्यक्तियों, जैसे राष्ट्रपति, केंद्रीय व राज्य मंत्रियों और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अधिकारियों ने पौधे लगाये हैं। इन पौधों के पास एक साइन बोर्ड होता है, जिसमें लगाने वाले व्यक्ति का नाम, पद और तारीख लिखी होती है। यह उद्यान प्रकृति के अध्ययन का केंद्र होने के साथ-साथ इन स्मृतियों को सहेजने के लिए एक प्रेरणादायक स्थान भी है। स्मृति वृक्ष विहार पहल का उद्देश्य गणमान्य व्यक्तियों को प्रकृति से जोड़ना व भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी विरासत बनाना है।

**स्मृति विहार को चार अलग-अलग वर्गों में विकसित किया गया है :** स्मृति वृक्ष विहार को चार अलग-अलग वर्गों में विकसित किया गया है और इसमें पौधे लगाने का कार्य अभी भी जारी है। यह जगह आगंतुकों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पौधे लगाने के लिए प्रेरित करता है। बोकारो का जैविक उद्यान नेचर स्कूल की भूमिका भी निभा रहा है। 127 एकड़ क्षेत्रफल में फैले उद्यान में 2000 से अधिक पेड़-पौधे हैं। 237 पशु-पक्षियों का बसेरा जैविक उद्यान पर्यावरण संरक्षण का पाठ भी पढ़ा रहा है।

साउथ अमेरिका का कैनन बॉल ट्री आकर्षण का केंद्रः साउथ अमेरिका का कैनन बॉल ट्री आकर्षण का केंद्र है। कचनार, महोगनी, सेमल, चकुंडी, झाउ, गुलमोहर, दुमरड्डुउद्यान में दर्जनों तरह के पेड़-पौधे हैं। बोकारो सहित आसपास के स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी पेड़-पौधों का अध्ययन करने यहां आते हैं। उद्यान में वन से होने वाले लाभ की जानकारी देने के लिए बोर्ड भी लगा है। यहां उद्यान के स्थापना काल (14 जनवरी 1989 ) से लेकर अब तक स्मृति वृक्ष विहार-एक से लेकर स्मृति वृक्ष विहार-चार तक बीएसएल में आने वाले सेल के अधिकारियों, बोकारो आने वाले अतिथियों, केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रियों सहित अन्य गण्यमान्य लोगों द्वारा लगाये गये पौधे हैं। अतिथि रजिस्टर में दर्ज करते हैं अनुभवः स्मृति वृक्ष विहार में विशिष्ट अतिथियों से पौधे लगवाने का सिलसिला जारी है। अतिथियों ने इतने पौधे लगाये हैं कि इसकी संख्या चार तक पहुंच चुकी है। अभी स्मृति वृक्ष विहार-चार में पौधा लगाने का सिलसिला जारी है। इससे उद्यान में चारों ओर हरियाली नजर आती है। कई लोगों ने उद्यान के रजिस्टर में दर्ज किया है कि उन्हें यहां आकर पौधा लगाने की प्रेरणा मिली।

## होम फ्रेश ब्रांड फिनाइल लॉन्च

### महिला स्वयं सहायता समूह को सशक्त करने की सराहनीय पहल



**संवाददाता**

**रांचीः** शहर के सुंदर नगर (काजू बागान) हेहल, रांची में स्वयं सहायता समूह प्रेरणा जागृति विकास मंच से जुड़ी सदस्यों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट गुणवत्ता युक्त होम फ्रेश ब्रांड फिनाइल लॉन्च किया गया। इस संबंध में होम फ्रेश ब्रांड फिनायल के निमार्ता व व्यवस्थापक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से होम फ्रेश ब्रांड फिनायल का निर्माण शुरू किया गया है। इसके विपणन के लिए रांची व आसपास के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को जोड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि होम फ्रेश ब्रांड फिनायल के निर्माण में विशेष रूप से गुणवत्ता का ध्यान रखा गया है। वैसे तो बाजार में कई ब्रांड के फाइनल उपलब्ध हैं ,लेकिन होम फ्रेश ब्रांड उच्च गुणवत्ता युक्त है। इसके निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक पहल की शुरूआत है। आगे आने वाले समय में फिनायल ब्रांड के अतिरिक्त अन्य घरेलू उपयोगी सामग्री का भी निर्माण प्रस्तावित है।

### बीएसएल : कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए आठ कर्मी हुए पुरस्कृत,8




**बोकारोः** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के अक्तूबर के लिए बेस्ट एम्प्लॉई ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम हुआ। आरजीबीएस विभाग के जय प्रकाश, हैवी मेंटेनेंस मैकेनिकल के मिलन नायक, एसएमएस-न्यू के मो मुकद्दर परवेज, सीआरएम झ।।। के विजय प्रसाद, सीडीडी विभाग के लव कुमार, सीओ एंड सीसी विभाग के संजय कुमार दास, ब्लास्ट फर्नेस के जय किशोर व विजिलेंस विभाग के मनोज कुमार धर को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) अनूप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण के साथ संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक व उनके परिजन उपस्थित थे। मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक नितेश रंजन ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।

**नित नयी चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान :** प्रिय रंजन प्रिय रंजन ने कहा कि इस सफलता में कर्मियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है। कहा कि कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों के अलावा नित नयी चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए। जुनून के साथ काम काम करते हुए विकास की गति को बनाये रखना चाहिए। प्रत्येक चुनौतीपूर्ण काम को करने के समय यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि सुरक्षा सर्वोपरि है। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक सिबिल सिंह व धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) मनोरंजन मिंज ने किया।

# हिंडालको ने किसान समिति को दी लिफ्ट सिंचाई परियोजना की सौगात





**संवाददाता**

**मुरीः** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी के सीएसआर विभाग द्वारा सिल्ली प्रखंड के मोदीडीह, कांटाडीह,कलुवाडीह किसान समिति के लिए लिफ्ट इरिगेशन (लिफ्ट सिंचाई) परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्घाटन झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता सचिव अबुबकर सिद्दीकी पी। के द्वारा किया गया।अपने संबोधन में सचिव सिद्दीकी ने कहा कि यह परियोजना किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में हिंडालको मूरी प्लांट के यूनिट हेड संदीप पाटिल ने कहा कि हिंडालको का सीएसआर विभाग निरंतर समाज के विकास के लिए ठोस कदम उठा रहा है और यही सच्चे अर्थों में विकास को गति देता है। ठंड के मद्देनजर सीएसआर विभाग द्वारा बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्लांट के सीएसआर हेड अनिल सिंह ने किया।इस अवसर पर हिंडालको संस्थान के कॉर्पोरेट अफेयर्स के प्रेसिडेंट संजय श्रीवास्तव, मूरी प्लांट के प्रोडक्शन हेड प्रशांत बोस, इंजीनियरिंग हेड गौरी शंकर, एचआर हेड कुमार अभिषेक, तथा प्लांट के अधिकारी अरुण कुमार, श्याम कुमार, जयप्रकाश, प्रदीप, रंदीप, सुजीत, सुनील, आनंद, सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त पंचायत के मुखिया लालूराम ओरांव, सिंहपुर नार्सिग होम के निदेशक डॉ। रामनेश, सिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भारत- द. अफ्रीका के बीच वनडे मैच शुरू

## दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का किया फैसला, मैच को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस, चप्पे-चप्पे पर पहरा





संवाददाता

**रांची:** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज (30 नवंबर) रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में शुरू हो चुका है। इस मुकाबले में केएल राहुल भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं। वहीं, मैच को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

बिना जांच पड़ताल के स्टेडियम में प्रवेश पर पूर्ण रोकः मैच को लेकर चप्पे-चप्पे पर रांची पुलिस का सख्त पहरा है। बिना जांच पड़ताल के स्टेडियम में प्रवेश पर पूर्ण रोक है। स्टेडियम के पास अवैध रूप से दुकानों को रांची नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण अभियान चला कर दुकानों को हटा दिया। स्टेडियम के पास 6 आईपीएस, 15 डीएसपी और 30 से ज्यादा थानेदार सुरक्षा में तैनात है। झारखंड की एटीएस समेत केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती हुई है। बीते शनिवार की देर शाम स्टेडियम परिसर में आईजी मनौज कौशिक, एसएसपी राकेश रंजन समेत अन्य अधिकारियों ने पदाधिकारी व जवानों को ब्रीफिंग दी। सभी को बताया गया कि सुरक्षा के मद्देनजर किन-किन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निगरानी रखनी है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

बता दें कि मुकाबले में टॉस साउथ अफ्रीका ने जीता है और पहले गेंदबाजी चुनी है। भारत के लिए पारी की शुरूआत करने रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल आए हैं। पहला मुकाबला रांची में हो रहा है। इसके बाद दोनों टीमें 3 दिसंबर को रायपुर में भिड़ेंगी जबकि 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। भारत पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल करना चाहेगा।

**भारत की प्लेइंग 11**

रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, रुतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (विकेटकीपर/कप्तान), रविंद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

**साउथ अफ्रीका की प्लेइंग 11**

_रयान रिकेल्टन, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, टोनी डी जोरजी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायन, नंद्रे बर्गर, ओटनील बार्टमैन।

भारत का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड कुछ खास नहीं है। दोनों के बीच अब तक कुल 94 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। इनमें दक्षिण अफ्रीका ने 51 मैच जीते हैं जबकि भारत को 40 में जीत मिली है। वहीं, तीन मैच बेनतीजा रहे हैं। इस सीरीज में भारत नियमित कप्तान शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में खेलने उतरेगा। दरअसल, कोलकाता टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें गुवाहाटी टेस्ट से भी बाहर होना पड़ा था। फिलहाल वह गर्दन की चोट से रिकवर कर रहे हैं।

# पड़ोसियों से अच्छे संबंध जरूरी: सुहेल अख्तर



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड , जमात-ए-इस्लामी हिन्द, रांची ने आदर्श पड़ोसी, आदर्श समाज के संदेश के साथ पड़ोसियों के अधिकार विषय पर दस दिवसीय मुहिम का आज अन्तिम है। यह अभियान 21 नवंबर से 30 नवंबर तक देश भर में चल। ला । इसी संदर्भ में जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता सुहेल अख्तर से हमारी मुलाकात हुई वह करबला चौक स्थित एक चाय की दुकान पर स्टीकर लगा रहे थे। वार्ता में उन्होने बताया कि इस्लाम में पड़ोसियों के अधिकारों को विशेष महत्व दिया गया है। कुरआन में न केवल निकट रहते पड़ोसियों, बल्कि अस्थायी रूप से आसपास रहने वाले लोगों से भी सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने की सीख दी गई है। संगठन ने इस संदेश को समाज में व्यापक रूप से पहुँचाने का संकल्प लिया।

सुहेल अख्तर ने चुनाव आयोग द्वारा बारह राज्यों में कराई जा रही एसआईआर प्रक्रिया को इस मुहिम से जोड़ते हुए कहा कि लोगों को चाहिए कि वे अपने पड़ोस में रहने वालों की सहायता करें और किसी भी समस्या का आपसी सहयोग से समाधान निकालें।उन्होंने बताया कि दस दिवसीय अभियान के दौरान शहरभर में चाय सभाएँ, सभी धर्मों के पड़ोसियों के साथ संवाद कार्यक्रम, महिलाओं व युवाओं के लिए जागरूकता गतिविधियां, मोहल्लों में सफाई अभियान,जैसे कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# अपने गिरेबान में झांके भाजपा: सुबोधकांत

मेट्रो रेज



**रांची:** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित अबुआ सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा हुआ। झारखंड सरकार पारदर्शिता से काम कर रही है। युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसके बावजूद कुछ स्वार्थी तत्व भाजपा के इशारे पर बेवजह राज्य सरकार की छवि धूमिल करने में लगे हैं। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्य सरकार के ऊपर लगाए गए आरोपों के संदर्भ में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी शासित सरकारें हैं, वहां की जनता के साथ भाजपा न्याय नहीं कर रही है। राज्यहित व राष्ट्रहित में कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाई गई कई कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा ने बंद कर दिया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक साल जन अपेक्षाओं के प्रति समर्पित रहा है। किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है। राज्य में नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। जिसकी चहुंओर सराहना की जा रही है।

श्री सहाय ने कहा कि भाजपा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को बदनाम करने की साजिश में जुटी है।

मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन, सुरक्षा और सम्मान दिया गया। वहीं, आमजन को राहत देने के उद्देश्य से घर-घर दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में झारखंड में विकास दर महज 1.1 प्रतिशत थी। विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए वर्तमान गठबंधन सरकार ने विकास के दर को 7.7 प्रतिशत तक पहुंचाने में सफलता पाई। यह राज्य की जनता के प्रति गठबंधन सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा के शासनकाल में जनता को किन-किन परेशानियों से रूबरू होना पड़ा! दूसरों पर कीचड़ उछालने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। झारखंड की जनता के प्रति श्री मरांडी कितने समर्पित रहे हैं? यह झारखंड की जनता भलिभांति जानती है।

# मंच ने की वृद्धा आश्रम में भोजन की व्यवस्था



मेट्रो रेज

**रांची:** मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण जागृति महिला शाखा के द्वारा बरियातू स्थित डीएवी नंदराज के आवासीय परिसर में स्थित वृद्धा आश्रम में सभी वृद्धो के लिए आज भोजन की व्यवस्था कराई गई । भोजन में दाल ,चावल ,आलू गोभी की सब्जी, कोफ्ता, खीर ,रोटी और अंतिम में एक फल स्वरुप नारंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी के रूप में सरायकेला निवासी कैलाश प्रसाद रामुका का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जागृति महिला शाखा की अध्यक्ष प्रमिला सराफ कार्यक्रम में मंच का संचालन पूर्व सचिव निर्मल अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष उर्मिला मोटानी एवं बिना शारदा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष रोहित शारदा उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि यह किसी तीर्थ से काम नहीं है यहां आकर वृद्धो की सेवा करना एक तीर्थ के बराबर है ।कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण शाखा के अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया एवं कोषाध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## सेंटेविटा पहुंचे सुबोधकांत, अजय नाथ शाहदेव के स्वास्थ्य की ली जानकारी



**रांची:** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय रांची शहर स्थित सेंटेविटा हॉस्पिटल में इलाजरत झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव के स्वास्थ्य की जानकारी लेने अस्पताल में पहुंचे। श्री सहाय ने श्री शाहदेव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## बिन्दे मुंडा बने समिति के अध्यक्ष

मेट्रो रेज



**रांची:** आईएसएम चौक पुनदाग रांची में शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव समारोह समिति की बैठक निजामुद्दीन मस्तान बाबा की अध्यक्षता में रविवार को हुई. इस दौरान समिति का चुनाव किया गया मुख्य संरक्षक संजीव कुजूर ,इनामुल हक, एजाज अंसारी, इरफान अहमद, और जाबिर हुसैन बनाए गए। वही बिन्दे मुंडा अध्यक्ष, मजहर हुसैन और इश्तियाक अंसारी कार्यकारी अध्यक्ष, मोबिन अंसारी उपाध्यक्ष, कुदूस अंसारी प्रधान महासचिव, रोशन अंसारी और अफरोज अंसारी सचिव, इमरान अंसारी ,सुरेश साहू और तौफीक आलम उपसचिव ,खुशीद मामा और शमशाद उर्फ टुना कोषाध्यक्ष, उप -कोषाध्यक्ष वसीम भंडारी और मुस्तफा अंसारी और मीडिया प्रभारी तौसीफ खान और गुलजार अहमद को चुना गया।

समिति के ओर से 08 और 09 जनवरी 2026 को वीर सपूत शेख शहीद भिखारी व शहीद दिवस पर बड़े कवाली का आयोजन किया जाता है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी तौसीफ खान ने दी।

## शब्बीर आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट ,उद्घाटन मैच में साजली,फरहान की जोड़ी का जीत से आगाज



**रांची:** मॉर्निंग ग्रुप के तत्वाधान में आज से शुरू हुए शमी और शब्बीर आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले ही मैच में आक्रमक खेल देखने को मिला जहां अपना पहला मैच खेल रहे साजली और फरहान की जोड़ी ने कड़े संघर्ष में शमीम और आजाद की जोड़ी को हराया। पहले सेट में शानदार खेल के साथ शमीम और आजाद की जोड़ी ने बढ़त बनाए रखा लेकिन दूसरे सेट में साजली ने फरहान के साथ बेहतरीन खेल से मैच तीसरे और निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। तीसरा सेट में भी दोनों टीम संघर्ष करती रही जहां तीसरा सेट जीत कर सजीली और फरहान की जोड़ी ने टूर्नामेंट में जीत से आगाज किया,वहीं आज का दूसरा मुकाबला भी रोमांचक रहा जिसमें हसनैन और हंजला की जोड़ी ने शहाबुल और नसीम की जोड़ी को हराया आज के तीसरे मैच में साजिद और इरशाद की जोड़ी ने मकबूल और मुस्तकिम की जोड़ी को हरा कर पूरे प्वाइंट अर्जित किया। इसके पूर्व आज के मुख्य अतिथि स्वर्गीय शमी आजाद की पत्नी और शब्बीर आजाद की मां का स्वागत मॉर्निंग ग्रुप के मुख्य सरपरस्त हाजी हलीमुद्दीन और अध्यक्ष अकील उर रहमान ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और मुख्य अतिथियों ने सिक्का उछाल कर टूर्नामेंट का आगाज किया।

# गीता जयंती कल: चेतना को जागृत करने वाला आध्यात्मिक उत्सव है गीता जयंती: संजय सर्राफ

मेट्रो रेज



**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा-धाम ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी का दिन अत्यंत पवित्र माना जाता है क्योंकि इसी दिन कुरुक्षेत्र के युद्धभूमि में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। इस दिव्य घटना की स्मृति में हर वर्ष गीता जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष गीता जयंती का पर्व 1 दिसंबर दिन सोमवार को मनाया जाएगा। और संयोग से उसी दिन मोक्षदा एकादशी का व्रत भी रखा जाएगा।गीता केवल एक धर्मग्रंथ नहीं,बल्कि जीवन के हर पक्ष पर प्रकाश डालने वाली ऐसी शिक्षाएं हैं जो पांच हजार वर्ष पहले जितनी प्रासंगिक थीं, आज भी उतनी ही प्रभावशाली हैं। इसलिए इसकी जयंती मनाने का उद्देश्य केवल पूजा करना नहीं, बल्कि गीता के संदेशों को जीवन में उतारना है। गीता जयंती का मूल उद्देश्य उस दिव्य उपदेश उपदेश-दिवस का स्मरण करना है, जिसने मानवजाति को धर्म, कर्तव्य, कर्मयोग और भक्ति की सर्वांगपूर्ण दिशा प्रदान की। महाभारत के भयंकर युद्ध से पूर्व अर्जुन मोह और संशय में डूब गए थे। तभी श्रीकृष्ण ने उन्हें जो उपदेश दिया, वही आगे चलकर 700 श्लोकों के पवित्र ग्रंथ-श्रीमद्भगवद्गीता-के रूप में संकलित हुआ। गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं,बल्कि जीवन- व्यवहार का शाश्वत मार्गदर्शन है। इसी कारण इस दिन को मनाकर समाज में ज्ञान, आत्मानुशासन, सत्य और कर्म के महत्व को पुनः प्रतिष्ठित किया जाता है।गीता जयंती का संदेश समय, समाज और परिस्थितियों से परे है। गीता बताती है कि मनुष्य को फल की चिंता किए बिनाकर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए- कर्मण्येवाधिकारस्तेह्न ।यह उपदेश व्यक्ति को निराशा से निकालकर आत्मबल, धैर्य और सकारात्मकता का संचार करता है। आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक युग में गीता के सिद्धांत न केवल नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं, बल्कि जीवन-प्रबंधन एवं मानसिक संतुलन के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं।साथ ही, गीता जयंती भारतीय संस्कृति की उस दिव्य धरोहर का उत्सव है जिसने विश्वभर में आध्यात्मिकता और दर्शन के क्षेत्र में भारत को विशिष्ट स्थान प्रदान किया। विदेशों तक में यह दिन बड़े सम्मान और श्रद्धा से मनाया जाता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि गीता का संदेश संपूर्ण मानवजाति के लिए है।गीता जयंती के अवसर पर मंदिरों,आध्यात्मिक संस्थानों और गुरुकुलों में गीता पारायण, यज्ञ, धर्म-सभाएँ,व्यास-पीठ से प्रवचन, तथा कुरुक्षेत्र में विशाल गीता महोत्सव का आयोजन होता है। कई विद्यालय और महाविद्यालय इस दिन गीता- वाचन, निबंध प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी में नैतिक शिक्षाओं का प्रसार करते हैं। आध्यात्मिक उत्सवों के साथ-साथ यह दिन आत्ममंथन, सदाचार और सेवाझभाव को अपनाने का अवसर भी प्रदान करता है।गीता जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि चेतना को जागृत करने वाला आध्यात्मिक उत्सव है। यह हमें जीवन के संघर्षों में संतुलन बनाए रखने,कर्तव्य को सर्वोपरि रखने और सत्य-अहिंसा-धर्म जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। गीता का संदेश जितना प्राचीन है, उतना ही आज के युग में प्रासंगिक और इसी सार्वभौमिकता के कारण गीता जयंती हर वर्ष नवचेतना का पर्व बनकर आती है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**

**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

ई-मेल : asst.dir.socialsecurityramgarh@gmail.com

**-:निविदा सूचना:-**

रामगढ़ जिला में कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष-2025-26 में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-बसर करने वाले व्यक्तियों यथा- वृद्धों, दिव्यांगों, भूमिहीनों, बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराये गये लोगों तथा भिक्षुकों को जाड़े में ठंड से बचाव के लिए मुफ्त कम्बल वितरण हेतु GeM Portal के माध्यम से कम्बल का क्रय किया जाना है।

**Bid item Details**

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | साईज | वजन | Logo | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| | कम्बल (Mink Cloudy Blanket with Double ply) | 60"X 90" (+/-2") | 2Kg. (+/-5%) | Logo of DoWCD&SS, GoJ of size minimum 3"X3" | अनुमानित संख्या लगभग 26,486 (छब्बीस हजार चार सौ छियासी) |
| 1 | निविदा समर्पित करने का पोर्टल :- | | | GeM Portal (https://gem.gov.in) | |
| 2 | प्री-बीड मिटिंग | | | दिनांक-10.12.2025 को अपराहन 3:00 बजे, समाहरणालय सभागार, रामगढ़। | |
| 3 | निविदादाता को कम्बल का दो नमूना, मूल Demand Draft एवं GeM Portal पर upload किये गये कागजातों का हार्ड कॉपी (Index & paging के साथ) जमा करने की तिथि | | | दिनांक-13.12.2025 को अपराहन 12:30 बजे तक सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, रामगढ़। | |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान:- | | | दिनांक-15.12.2025 को अपराहन 2:00 बजे, समाहरणालय सभागार, रामगढ़। | |

निविदा (Bid No- GEM/2025/B/6944944, Date:-28.11.2025) की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी GeM Portal (https://gem.gov.in)पर देखा जा सकता है।

ह0/-
सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग, रामगढ़

PR 367370 District(25-26)#D



# क्या रोजाना दे सकते हैं चंद्रमा को अर्घ्य?

**सनातन परंपरा में हर देवी-देवता एवं ग्रह को अलग-अलग प्रकार से अर्घ्य दिया जाता है। चंद्रमा को भी अर्घ्य देते हैं लेकिन कुछ विशेष तिथियों या फिर पर्वों पर।**

हिन्दू धर्म में अर्घ्य देना पूजा का महत्वपूर्ण भाग माना जाता है। सनातन परंपरा में हर देवी-देवता एवं ग्रह को अलग-अलग प्रकार से अर्घ्य दिया जाता है। मुख्य रूप से सूर्य अर्घ्य को सबसे ज्यादा फलदायी और शुभ माना जाता है। इसके अलावा, चंद्रमा को भी अर्घ्य देते हैं लेकिन कुछ विशेष तिथियों या फिर पर्वों पर। वहीं, कई लोग रोजाना चंद्रमा को भी अर्घ्य देते हैं। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि सूर्य अर्घ्य की तरह ही रोजाना चंद्रमा को अर्घ्य देना सही है या गलत और क्या है इसके पीछे का तर्क।

## रोजाना चंद्रमा को अर्घ्य देने से क्या होगा?

- पौराणिक कथा के अनुसार, चंद्रमा कलंकित हैं क्योंकि उन्हें श्री गणेश का श्राप मिला हुआ है जिसके आधार पर कोई भी व्यक्ति चंद्रमा की पूजा करता है तो उसके घर से सुख-समृद्धि चली जाएगी और कलंक भी लगेगा।
- यूं तो श्राप के अनुसार किसी भी माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन चंद्रमा पूजन की मनाही है लेकिन रोजाना भी शास्त्रों में चंद्रमा की आराधना करना वर्जित माना गया है। अर्घ्य देना भी निषेध है।
- शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि कुछ प्रमुख तिथियों के अलावा जो पूजा-पाठ सूर्यास्त के बाद किया जाता है वह सात्विक नहीं बल्कि तांत्रिक श्रेणी में आता है।
  चंद्रमा को अर्घ्य भी रात के समय ही दिया जाता है।
- ऐसे में चंद्रमा को रोजाना रात में अर्घ्य देना पूजा-पाठ में दोष उत्पन्न करेगा और घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह भी बढ़ेगा। साथ ही, चंद्रमा की स्थिति भी कुंडली में मजबूत होने के बजाय कमजोर होती चली जाएगी।
- चंद्रमा को अर्घ्यन या चंद्रमा की पूजा करवा चौथ या अहोई अष्टमी जैसे व्रतों के दौरान ही शुभ मानी गई है। इसके अलावा, पूर्णिमा तिथि पर भी चंद्रमा को अर्घ्य दे सकते हैं। इस तिथि पर चंद्र अर्घ्य से घर में शुभता आती है।



# क्या है खाटू श्याम का इतिहास

## पहले हो गई मृत्यु, फिर बने भगवान

**खाटू श्याम जी, जिन्हें हारे का सहारा और तीन बाण धारी के नाम से भी जाना जाता है, भगवान श्रीकृष्ण के कलयुग अवतार माने जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर कब और कैसे सृष्टि में शुरू हुई थी खाटू श्याम बाबा की पूजा।**

### बर्बरीक का जन्म और आरंभ का जीवन

खाटू श्याम जी का मूल नाम बर्बरीक था। वे पांडु पुत्र भीम और नाग कन्या हिडिम्बा के पौत्र थे। उनके पिता का नाम घटोत्कच था, जो अपनी मायावी शक्तियों के लिए जाने जाते थे। बर्बरीक बचपन से ही बहुत शक्तिशाली और वीर थे। उन्होंने अपनी माता मोरवी से युद्ध कला और भगवान शिव से अनेक अस्त्र-शस्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया था। भगवान शिव ने उन्हें तीन ऐसे दिव्य बाण प्रदान किए थे, जिनसे वे तीनों लोकों को जीत सकते थे। इन बाणों की विशेषता यह थी कि वे एक ही बाण से किसी भी लक्ष्य को चिह्नित कर सकते थे, दूसरे बाण से उसे नष्ट कर सकते थे, और तीसरे बाण से उसे वापस अपने पास बुला सकते थे। इसी कारण उन्हें तीन बाण धारी भी कहा जाता है।

### महाभारत युद्ध में बर्बरीक का प्रवेश

जब महाभारत का युद्ध निश्चित हुआ, तो बर्बरीक को भी अपनी वीरता दिखाने का अवसर मिला। वे अपनी माता मोरवी से आशीर्वाद लेकर युद्ध में शामिल होने के लिए निकल पड़े। उन्होंने अपनी माता को वचन दिया था कि वे युद्ध में हमेशा उस पक्ष का साथ देंगे, जो कमजोर होगा या हार रहा होगा। युद्धभूमि की ओर जाते हुए, बर्बरीक एक पीपल के पेड़ के नीचे बैठे भगवान श्रीकृष्ण से मिले, जो ब्राह्मण वेश में थे। श्रीकृष्ण ने बर्बरीक की वीरता का परीक्षण करने के लिए उनसे पूछा कि वे किस पक्ष से युद्ध लड़ेंगे। बर्बरीक ने अपनी माता को दिए वचन के अनुसार कहा कि वे उस पक्ष का साथ देंगे, जो कमजोर होगा या हार रहा होगा।

श्रीकृष्ण ने बर्बरीक की शक्तियों को जानते हुए सोचा कि यदि बर्बरीक ने यह वचन निभाया, तो युद्ध का परिणाम बदल सकता है। उन्होंने बर्बरीक से कहा कि यदि वे इतने शक्तिशाली हैं, तो क्या वे एक ही बाण से इस पीपल के पेड़ के सभी पत्तों को भेद सकते हैं? बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने एक बाण से पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया। एक पत्ता श्रीकृष्ण के पैर के नीचे छिपा हुआ था, जिसे भेदने के लिए बाण उनके पैर के पास रुका। यह देखकर श्रीकृष्ण को बर्बरीक की शक्ति और वचनबद्धता पर पूरा विश्वास हो गया।

### शीश का दान और वरदान

श्रीकृष्ण ने तब बर्बरीक को अपने वास्तविक रूप में दर्शन दिए और उन्हें बताया कि युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए किसी महान योद्धा के शीश का दान आवश्यक है। उन्होंने बर्बरीक से उनके शीश का दान मांगा। बर्बरीक, जो अपने वचन के पक्के थे, ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपना शीश दान करने की सहमति दे दी। उन्होंने एक अंतिम इच्छा व्यक्त की कि वे महाभारत के पूरे युद्ध को अपनी आंखों से देखना चाहते हैं।श्रीकृष्ण ने उनकी यह इच्छा पूरी की और उनके शीश को एक ऊँचे स्थान पर स्थापित कर दिया, जहाँ से बर्बरीक ने पूरे युद्ध को देखा। युद्ध समाप्त होने के बाद, पांडवों में यह बहस छिड़ गई कि युद्ध में विजय का श्रेय किसे जाता है। तब श्रीकृष्ण ने बर्बरीक के शीश से पूछा, जिस पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि उन्होंने युद्धभूमि में केवल श्रीकृष्ण के सुदर्शन चक्र को शत्रुओं का संहार करते हुए देखा और द्रौपदी को शक्ति रूप में देखा। यह सुनकर सभी पांडव चकित रह गए।

श्रीकृष्ण बर्बरीक के इस महान त्याग और भक्ति से अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने बर्बरीक को वरदान दिया कि कलयुग में वे उनके नाम से पूजे जाएंगे और जो भी भक्त हारे हुए या निराश होंगे, उनका सहारा बनेंगे। श्री कृष्ण ने कहा कि जो भी भक्त उनके नाम का स्मरण करेगा, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इसके बाद, बर्बरीक का शीश राजस्थान के खाटू गांव में मिला, जहां एक मंदिर का निर्माण किया गया और वे खाटू श्याम जी के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज भी लाखों भक्त खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए आते हैं और उन्हें हारे का सहारा मानते हैं। उनकी पूजा विशेष रूप से फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी और द्वादशी को की जाती है, जिसे श्याम बाबा का फाल्गुन मेला कहा जाता है।



## खाटू श्याम भगवान को क्यों कहा जाता है हारे का सहारा?

पिछले कुछ समय से खाटू श्याम भगवान का नाम चारो तरफ छाया हुआ है। यहां तक की सोशल मीडिया पर भी खाटू श्याम के चमत्कार से जुड़े कई वीडियोज वायरल हो रहे हैं। खाटू श्याम जी का दर्शन करने के लिए न केवल आस-पास के गांवों बल्कि देशभर से लोग आते हैं। बता दें कि खाटू श्याम को हारे का सहारा भी कहा जाता है। पर, इसके पीछे की कहानी क्या है इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को है।

### कौन हैं खाटू श्याम भगवान?

श्री कृष्ण के कलयुगी अवतार को ही खाटू श्याम के नाम से जाना जाता है। राजस्थान के सीकर जिले में खाटू श्याम का प्राचीन मंदिर बना है, जहां हर रोज लंबी-लंबी कतारों में लोग दर्शन करने पहुंचते हैं। दरअसल, माना जाता है कि जब पांडव अपनी जान बचाने के लिए वन में गए थे, तो भीम का सामना हिडिंबा से हुआ था। हिडिम्बा के पुत्र का नाम घटोखा रखा और घटोखा के पुत्र का नाम बर्बरीक है, जिन्हें आप आप खाटू श्याम के नाम से जानते हैं।

### खाटू श्याम को क्यों कहा जाता है हारे का सहारा?

खाटू श्याम भगवान को हारे का सहारा कहा जाता है क्योंकि वो अपनी मां को बोलकर गए थे कि युद्ध में जो भी हारेगा मैं उसके साथ दूंगा। इसके बाद कृष्ण भगवान ने खाटू श्याम से कहा था कि एक तीर से पेड़ के सारे पत्ते गिराकर दिखाओ। ऐसा कहकर उन्होंने 1 पत्ता पैर के नीचे दबा लिया। इसके बाद तीर उनके पास आकर घूमने लग गया था। इससे सबको पता चला कि खाटू श्याम कितने शक्तिशाली हैं। इसके बाद कृष्ण भगवान ने खाटू श्याम से उनका सिर मांगा था और उसे सबसे ऊपर रखकर युद्ध देखने के लिए कहा था। यही कारण है कि उन्होंने हारे का सहारा कहा जाता है।



# गणेश जी ने अपनी ही मां देवी पार्वती को कौन सा वरदान दिया था?

भगवान गणेश जिन्हें विघ्नहर्ता और प्रथम पूज्य माना जाता है माता पार्वती के अत्यंत प्रिय और आज्ञाकारी पुत्र हैं। उनका जन्म माता पार्वती ने अपने शरीर के मैल और दिव्य शक्ति से किया था। मां और पुत्र का यह संबंध अत्यंत पवित्र और अनोखा है और इसमें ममता और भक्ति का गहरा भाव छिपा है। भगवान गणेश ने अपनी मां की आज्ञा का पालन करने के लिए अपना मस्तक भी कटवा दिया था जिसके बाद उन्हें हाथी का सिर लगाकर पुनर्जीवित किया गया और सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूजनीय होने का वरदान मिला। ऐसा कहा जाता है कि माता पार्वती ने श्री गणेश को एक मां के तौर पर सभी प्रकार की शिक्षा प्रदान की और श्री गणेश ने भी एक पुत्र के तौर पर उन सभी शिक्षाओं को ग्रहण किया, लेकिन एक घटना ऐसी भी है जब श्री गणेश ने अपनी मां माता पार्वती को एक वरदान दिया था।

## श्री गणेश ने माता पार्वती को क्या वरदान दिया था?

पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान गणेश ने अपनी माता देवी पार्वती को एक बहुत ही विशेष और महत्वपूर्ण वरदान दिया था। यह वरदान विशेष रूप से संकष्टी चतुर्थी के व्रत से संबंधित है जिसे माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, सुख और समृद्धि के लिए रखती हैं। जब माता पार्वती ने अपने पुत्र गणेश के लिए एक विशेष व्रत और पूजा की थी जिसे आज संकष्टी चतुर्थी के रूप में जाना जाता है, तब गणेश जी अपनी मां की भक्ति और प्रेम से अत्यंत प्रसन्न हुए थे। प्रसन्न होकर भगवान गणेश ने अपनी माता पार्वती को एक अत्यंत दिव्य वरदान दिया।

वरदान अनुसार, संसार की जो भी नारी इस संकष्टी चतुर्थी का व्रत और पूजन पूरी श्रद्धा और सच्चे मन से करेगी उसे श्री गणेश के भांति ही आज्ञाकारी, स्नेही, दीर्घायु और यशस्वी संतान की प्राप्ति होगी। साथ ही, माताओं पर हमेशा देवी पार्वती की असीम कृपा भी बनी रहेगी। इस वरदान के माध्यम से गणेश जी ने अपनी मां के मातृत्व सुख को संसार की सभी माताओं तक पहुंचाने का आशीष दिया। यह वरदान न केवल संतान की प्राप्ति के लिए था बल्कि संतान के जीवन के सभी संकटों को हरने वाला भी था क्योंकि गणेश स्वयं विघ्नहर्ता हैं।

इसलिए, आज भी संकष्टी चतुर्थी के दिन माताएं श्री गणेश का व्रत करती हैं ताकि उन्हें और उनकी संतान को गणेश जी जैसा सुख, सौभाग्य और सभी प्रकार के विघ्नों से मुक्ति प्राप्त हो सके। यह वरदान माता पार्वती को पुत्र-प्रेम की पराकाष्ठा के रूप में मिला प्राप्त हुआ था।



# सुख-समृद्धि के लिए घर की रसोई में जरूर करने चाहिए ये काम

ज्योतिष शास्त्र में घर की रसोई को बहुत अहम माना गया है। घर की रसोई में मां अन्नपूर्णा और मां लक्ष्मी का वास स्थापित होता है। इसके अलावा, घर की बरकत में महत्वपूर्ण भाग रसोई का भी माना जाता है। ऐसे में अगर घर की रसोई से जुड़े कुछ उपाय किये जाएं तो घर में सुख-समृद्धि आती है और घर में मौजूद नकारात्मकता भी दूर हो जाती है। इसके अलावा, और भी कई लाभ मिलते हैं।

### घर की रसोई में करें मां अन्नपूर्णा की स्थापना

घर की रसोई में अनाज रखा जाता है और अनाज को सबसे ज्यादा पवित्र माना गया है। ऐसे में अनाज रखने की जगह पर मां अन्नपूर्णा की फोटो या प्रतिमा स्थापित करने से घर की बरकत हमेशा बनी रहती है और घर की उन्नति होती है।

### रसोई को रोजाना धोएं

घर की रसोई को रोजाना पानी से धोना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे घर की रसोई की शुद्धता बनी रहती है। साथ ही, मां लक्ष्मी का आशीर्वाद भी मिलता है और घर की नकारात्मकता नष्ट होती है। सकारात्मकता संचारित होती है।

### घर की रसोई की देहलीज रोजाना पूजे

घर की रसोई की दहलीज की रोजाना सुबह और शाम पूजा करनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि रसोई की दहलीज में नवग्रहों का वास माना गया है। ऐसे में दहलीज की पूजा करने से नव ग्रह शांत होते हैं और अपनी कृपा घर पर बरसाते हैं।

### घर की रसोई में रोजाना कपूर जलाएं

घर की रसोई में रोजाना संध्याकाल के समय कपूर अवश्य जलाना चाहिए। कपूर जलाकर उसका धुआं घर की रसोई में करने से घर का वातावरण पवित्र होता है और अगर रसोई से जुड़ा कोई वास्तु दोष है तो वह भी जल्दी ही दूर हों लग जाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सेवा और कल्याण कार्यक्रम का हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने किया उद्घाटन, कहा-

# फिजियोथेरेपी बेड, कुर्सी और फिजियोथेरेपिस्ट की नियमित उपलब्धता करें सुनिश्चित

**संवाददाता**

**साहिबगंजः** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष, न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश, झारखण्ड हाई कोर्ट ने ऑनलाइन मदर टेरेसा क्लिनिक सहित वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को निर्देशित किया कि वे जिला प्रशासन के सहयोग से झारखण्ड के प्रत्येक वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु फिजियोथेरेपी बेड कुर्सी और चिकित्सकों फिजियोथेरेपिस्ट की




नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करें। ताकि वरिष्ठजनों को निरंतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में वृद्धा आश्रम, साहेबगंज में विशेष कल्याण एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जाँच की गई। आवश्यक दवाओं और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के द्वारा वरिष्ठजनों के बीच फल वितरण, कंबल वितरण वअन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण भी किया । जिससे उन्हें मौसमी सुरक्षा और दैनिक उपयोग की सुविधाएँ सुनिश्चित हो सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज द्वारा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों, कल्याणकारी सरकारी योजनाओं तथा उपलब्ध सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। जिला प्रशासन के सहयोग से आश्रम के निवासियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ भी उपलब्ध कराए गए।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, मुख्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल-न्याय रक्षक, पराविधिक स्वयंसेवक न्याय मित्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## धनंजय मंडल बने मेरा युवा भारत जिला चयन समिति के सदस्य

**संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवाः** युवाओं के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मेरा युवा भारत ने साहिबगंज जिले के उधवा निवासी धनंजय मंडल को जिला स्तरीय चयन समिति का सदस्य नामित किया है। यह चयन समिति नेशनल यूथ कॉर्म्स एनवाईसी योजना के तहत माई भारत यूथ वॉलंटियर चुनने का कार्य करेगी। मेरा युवा भारत जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्तशासी संस्था है। ने पत्र जारी कर इसकी आधिकारिक जानकारी दी है। पत्र में कहा गया है कि चयन समिति जिले के सभी प्रखंडों से योग्य एवं ऊजार्वान युवाओं का चयन करेगी। प्रति




प्रखंड दो युवा स्वयंसेवक चुने जाने हैं।जो आने वाले समय में माई भारत के विभिन्न नवाचार और गतिविधियों को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्हें जिम्मेदारियों से अवगत कराने के लिए जिला युवा पदाधिकारी को निर्देश पत्र में यह भी उल्लेख है कि साहिबगंज के जिला युवा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे धनंजय मंडल से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर माई भारत की पहल, एनवाईसी योजना की रूपरेखा व युवा स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दें। माई भारत के उपनिदेशक देवेंद्र व्यास ने पत्र में लिखा है कि चयन समिति का उद्देश्य ऐसे युवाओं की पहचान करना है, जो सामाजिक विकास,जनभागीदारी और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आगे बढ़कर नेतृत्व कर सकें। इस पत्र की प्रति सीईओ, माई भारत राज्य निदेशक, झारखंड तथा डीवाईओ साहिबगंज को भी भेजी गई है जिससे चयन प्रक्रिया में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस पर धनंजय मंडल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे।

### उपायुक्त ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

## कारा प्रशासन को दिया आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश

**संवाददाता**

साहिबगंजः उपायुक्त हेमंत सती द्वारा आज मंडल कारा साहिबगंज आकांक्षा हाट व कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया गया।मंडल कारा के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मुलाकाती रजिस्टर सीसीटीवी फुटेज कैदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता बैरकों की स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की जब उन्होंने कारा प्रशासन को आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। इसके बाद आकांक्षा हाट में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे। उत्पादों की क्रय-विक्रय प्रक्रिया की जानकारी ली।



उपायुक्त ने उत्पादों की गुणवत्ता, विपणन और बिक्री बढ़ाने हेतु जरूरी निर्देश दिए ताकि समूहों की आय में वृद्धि हो सके। उपायुक्त ने कृषि विज्ञान केंद्र का भी दौरा किया। जहाँ उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर उन्होंने तत्काल समाधान का भरोसा दिलाया और किसानों के हित में केंद्र की गतिविधियों को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, वाहन चालक फरार



**संवाददाता**

साहिबगंजः बरहरवा थाना क्षेत्र के रामनगर के समीप हुए सड़क हादसे में 50 वर्षीय भवेश रजवार की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार रामनगर निवासी भवेश रजवार काम कर वापस घर लौट रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद वाहन चालक बिना रुके वाहन लेकर फरार हो गया जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही बरहड़वा पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना की जांच की जा रही है फरार वाहन एवं चालक की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं। दोषी चालक की पहचान होते ही उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। परिजनों ने बताया कि भवेश रजवार शांत स्वभाव के व्यक्ति थे, वे अपने परिवार के भरण-पोषण का मुख्य सहारा थे। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## कागजात नहीं दिखाने पर एसडीओ ने किया क्रशर सील



साहिबगंजःमंडरो प्रखंड के मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलभद्री मौजा में संचालित पत्थर क्रशर सुदामा स्टोन वर्क्स की जांच एसडीओ अमर जान अइद ने की। इस दौरान उन्होंने क्रशर परिसर का निरीक्षण किया और मौजूद कर्मियों से क्रशर संबंधित सभी कागजात मांगी। पर क्रशर कर्मी कागजात नहीं दिखा सके, इसपर एसडीओ ने सुदामा स्टोन वर्क्स क्रशर सील कर दिया। कर्मियों का कहना है कि मालिक बाहर है, सभी कागजात अप टु डेट है, सोमवार को कागजात दिखाया जाएगा। वही सोमवार को पुनः कागजातों जांच होने की बात सामने आई है।

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग : नवोदय विद्यालय की टीम ने 8 विकेट से जीता मैच

**संवाददाता**

साहिबगंजः जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शनिवार को संत जेवियर स्कूल बी बनाम नवोदय विद्यालय के बीच मैच खेला गया। संत जेवियर स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 171 रन बनाए। अमित राज ने 77, आदित्य ज्ञान ने 40 रन की पारी खेली। नवोदय विद्यालय के गेंदबाज साहिल राज ने 3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नवोदय विद्यालय की टीम 17.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 175 रन बना कर 8 विकेट से मैच जीत लिया। मोनू ने



14, सोनू ने 71 व धीरज ने नाबाद 53 रन की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज अभिज्ञान व आदित्य ने एक-एक विकेट लिया। नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी सोनू कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के पीटी शिक्षक उत्तम कुमार ने सोनू कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग चंदन यादव व श्याम रंजन तिवारी एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया। टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 30 नवंबर को संत जोसेफ एकेडमी बनाम संत जेवियर स्कूल ए के बीच मैच खेला जाएगा।

## सड़क पर गिरकर बाइक सवार घायल, रेफर

**साहिबगंजः** राजमहल अनुमंडल अंतर्गत नया बाजार के पास शनिवार को एक बाइक सवार का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार नया बाजार निवासी अमित रजक 27 सुबह अपने घर के बच्चों को नया बाजार स्कूल छोड़ने जा रहा था। तभी स्कूल से कुछ दूरी पर अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजनों की मदद से घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने घायल की गंभीर स्थिति देख बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।



# मालदा मंडल ने किया आपदा प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

**संवाददाता**

साहिबगंजः हावड़ा जोन के मालदा मंडल अंतर्गत अपदा प्रबंधन क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ प्रभावी बनाने के लिए सतत प्रयासों के तहत साहिबगंज रेलवे स्टेशन यार्ड में पूर्ण पैमाने पर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन हुआ ।इस अभ्यास का आयोजन सुरक्षा विभाग द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ताराचंद के पर्यवेक्षण में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल 9वीं बटालियन पटना के सहयोग से किया गया। जबकि मॉक ड्रिल के दौरान एक काल्पनिक दुर्घटना परिदृश्य निर्मित किया।जिसमें प्रातः



11:35 बजे प्लेटफॉर्म संख्या 03 के लाइन संख्या 04 से प्रस्थान कर रही एक रेलगाड़ी को दुर्घटनाग्रस्त घोषित किया गया। तत्पश्चात कर्मचारियों एवं अधिकारियों की तत्परता और प्रतिक्रिया समय का मूल्यांकन करने हेतु सूचना तुरंत मालदा रेलवे रेस्क्यू टीम को प्रेषित की गई। वास्तविक परिस्थितियों का आकलन करने के लिए साहिबगंज यार्ड में पूछताछ केंद्र व सहायता काउंटर स्थापित किए गए। लगभग दो घंटे तक चले इस अभ्यास के उपरांत पूर्ण बहाली के साथ ड्रिल समाप्त हुई।अपर मंडल रेल प्रबंधक, मालदा शिव कुमार प्रसाद मॉक दुर्घटना स्थल पर उपस्थित रहे तथा उनके साथ विभिन्न शाखाओं के अधिकारी, स्काउट्स एवं गाइड्स दल एनडीआरएफ टीम भी मौजूद रही। एक्सीडेंट रेलिफ ट्रेन एआरटी साहिबगंज दुर्घटना स्थल पर तत्काल पहुंच गई। संरक्षा, चिकित्सा, यांत्रिक, इंजीनियरिंग, परिचालन, विद्युत, दूरसंचार, वाणिज्य एवं सुरक्षा सहित सभी प्रमुख विभागों के रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस मॉक ड्रिल में सक्रिय सहभागिता दर्ज की। संपूर्ण अभ्यास मंडल रेल प्रबंधक, मालदा श्री मनीष कुमार गुप्ता द्वारा बारीकी से मॉनिटर किया गया।इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में रेलकर्मियों की प्रतिक्रिया क्षमता, निर्णय लेने की दक्षता, निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन तथा राहत एवं बचाव कार्यों में संभावित अवरोधों की पहचान और समाधान का मूल्यांकन करना था। एनडीआरएफ

के साथ इस प्रकार के संयुक्त अभ्यास रेलवे के ब्रेकडाउन स्टाफ की तैयारियों को परखने, बचाव कौशल को अभिवर्धित करने तथा आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों के उपयोग में दक्षता विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होते हैं। ये अभ्यास दुर्घटनाग्रस्त यात्रियों को गोल्डन आवर दुर्घटना के एक घंटे के भीतर सुरक्षित रूप से बचाने प्राथमिक उपचार प्रदान करने व अस्पताल पहुंचाने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया को मजबूत बनाते हैं। इस मॉक ड्रिल से न केवल रेलवे कर्मचारियों की बचाव क्षमता में वृद्धि हुई। बल्कि एनडीआरएफ कर्मियों को भी भारतीय रेल कोच संरचना की बेहतर समझ प्राप्त हुई।मॉक ड्रिल के दौरान उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता रत्नेश कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मौर्य, वरिष्ठ मंडल अभियंता नीरज कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह सहित मालदा मंडल के अन्य शाखा अधिकारी शामिल रहे।

### न्यूज IN ब्रीफ

## जिले के एथलीट सन्नी विशाल और आयुष इंदौर रवाना

**– क्रांति कुमारी हरियाणा में क्रॉस कंट्री दौड़ में लेगी भाग**



**साहिबगंजः**स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 01 से 04 दिसंबर 2025 तक इंदौर मध्य प्रदेश में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय एथलेटिक्स एस जी एफ आई प्रतियोगिता, अंडर 14 आयु वर्ग में भाग लेने के लिए जिले के आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र साहेबगंज के सन्नी कुमार शाटपुट थ्रो, विशाल कुमार डिसकस थ्रो, सकरीगली के आयुष कुमार 80 मीटर हर्डल्स में भाग लेने के लिए धनबाद स्टेशन से इंदौर मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए।वहीं डे बोर्डिंग एथलेटिक्स केंद्र साहिबगंज की पूर्व ट्रेनी क्रांति कुमारी 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय एथलेटिक्स एसजीएफआई. प्रतियोगिता बालिका अंडर 19 वर्ष आयु में 30 नवंबर को भिवानी हरियाणा में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। जिले के एथलीटों को उपायुक्त हेमंत सती, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा,आईटीडीए निदेशक संजय कुमार,अपर समाहर्ता गौतम भगत,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष समेत जिले के खेल प्रेमियों ने शुभ कामना दी।

## सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा को लेकर सीआरपीएफ ने निकाली जागरूकता रैली

**पश्चिम सिंहभूम :** सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और नागरिक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ )की 26वीं वाहिनी ने रविवार को जागरूकता अभियान और साइकिल रैली का आयोजन किया। इस जागरूकता पहल का नेतृत्व 26वीं वाहिनी के कमांडेंट राजीव रंजन ने किया। उनके निर्देशन में वाहिनी के जवानों ने सड़क मार्गों से होते हुए रैली निकाली और लोगों को बताया कि सरकारी संपत्ति देश की अमूल्य धरोहर है, जिसकी रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश चंद्र बादल, निरीक्षक जीडी अंजु कुमार सिंह, निरीक्षक जीडी अलार डुगडुग सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान मौजूद रहे। साइकिल रैली के माध्यम से जवानों ने स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय संसाधनों की रक्षा को लेकर जनता में जागरूकता का संदेश फैलाया। इस दौरान नागरिकों से अपील की गई कि वे स्कूल, अस्पताल, सड़कें, सरकारी भवन जैसी सार्वजनिक संपत्तियों को सुरक्षित रखने में सहयोग दें और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। किरीबुरु क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने सीआरपीएफ की इस सार्थक पहल का स्वागत किया। नागरिकों का कहना है कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम न सिर्फ लोगों का नजरिया बदलते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी में भी सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश पहुंचाते हैं।

## बनहरदी कोल परियोजना की भूमि पर लगा पीवीयूएनएल का बोर्ड

**रामगढ़ :** पीवीयूएनएल को मिलने वाले कोयले का खनन बनहरदी कोयला परियोजना से होगा। इस परियोजना की 5.35 एकड़ भूमि पर पीवीयूएनएल का बोर्ड लगाया गया है। बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा 5.35 एकड़ अधिग्रहित भूमि का प्रथम भौतिक कब्जा पीवीयुएनएल का बोर्ड स्थापित कर सफलतापूर्वक पूरा किया गया। लातेहार जिले में पड़ने वाली बनहरदी कोल ब्लॉक के अंतर्गत खदान क्षेत्र में स्थित ग्राम एटे की 5.35 एकड़ भूमि का प्रथम भौतिक कब्जा किया गया। उक्त अधिग्रहित भूमि पर बनहरदी कोयला खनन परियोजना-पीवीयुएनएल का बोर्ड स्थापित कर इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को औपचारिक रूप से सम्पन्न किया गया। यह प्रक्रिया बनहरदी जीएम एन. के मल्लिक और पीवीयूएनएल के सीईओ अशोक कुमार सेहगल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक एम. चन्द्रशेगर, आर.बी. सिंह, उप महाप्रबंधक अमरेश चंद्र राउल, बनहरदी परियोजना के अन्य अधिकारी तथा भूमि स्वामी लाल रंजन नाथ शाहदेव, ग्रामवासियों तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बनहरदी कोयला खनन परियोजना, पीवीयुएनएल (एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी, जेबीवीएनएल के संयुक्त उपक्रम) का एक कैप्टिव कोल ब्लॉक है। यहां से हाल ही में चालू हुए पतरातू संयंत्र को कोयला की आपूर्ति होगी । पतरातु विद्युत प्लांट से उत्पन्न बिजली का 85 प्रतिशत हिस्सा झारखण्ड राज्य को आवंटित है। सीईओ अशोक सेहगल ने बताया कि सीबीए एक्ट के माध्यम से अर्जित भूमि का मुआवजा भुगतान के बाद कब्जा शुरू करना था। जिसे परियोजना की ओर से समय सीमा में हासिल कर लिया गया है। उम्मीद है कि आगे भी अर्जित भूमि का कब्जा प्राप्त करने के उपरांत खदान से कोयला उत्पादन शीघ्र ही प्रारंभ किया जा सकेगा।

## रेल सिविल डिफेंस की टीम विशाखापट्टनम प्रशिक्षण कैम्प के लिए रवाना

**पूर्वी सिंहभूम :** दक्षिण पूर्व रेलवे के रेल सिविल डिफेंस के जवान बाहरी प्रशिक्षण के लिए रवाना हो गए हैं। टाटानगर से चुने गए कुल 16 सदस्य रविवार को विशाखापट्टनम के लिए प्रस्थान किए, जहां ईस्ट कोस्ट रेलवे की ओर से 1 से 7 दिसंबर तक आउटडोर ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम नागरिक सुरक्षा कर्मियों के कौशल, आत्मविश्वास, टीम भावना और अनुभव को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कैम्प के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण, प्रयोगशाला आधारित अभ्यास, प्रतियोगिताएं और एक अध्ययन दौरे का अवसर मिलेगा। साथ ही 6 दिसंबर को सिविल डिफेंस राइजिंग डे भी मनाया जाएगा। इंस्पेक्टर संतोष कुमार के नेतृत्व में टाटानगर की टीम कैम्प में हिस्सा ले रही है। इस प्रशिक्षण में रांची, आद्रा, बोकारो, संतरागाछी, हावड़ा, खड़गपुर और विशाखापट्टनम से कुल 130 जवान भाग ले रहे हैं। विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षक की भूमिका भी इंस्पेक्टर संतोष कुमार निभाएंगे। प्रतिभागियों के सुगम आवागमन के लिए खड़गपुर से एक अतिरिक्त कोच की व्यवस्था की गई है जिसे ट्रेन संख्या 012663 हावड़ाझतिरुचिरापल्ली एक्सप्रेस में जोड़कर विशाखापट्टनम भेजा गया है।

# कानूनी पचड़े में पड़ी रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर'



रिलीज से पहले फिल्म 'धुरंधर' कानूनी पचड़े में पड़ गई है। मेजर मोहित शर्मा के परिवार वालों ने इस पर रोक की मांग की है। रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' की काफी चर्चा है। दर्शक बेसब्री से इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले यह फिल्म कानूनी पचड़े में पड़ती नजर आ रही है। स्वर्गीय मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज की रोक के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। उनका आरोप है कि मेजर मोहित शर्मा के परिवार की बिना इजाजत के यह फिल्म बनाई गई।

### याचिका में क्या है?

अपनी याचिका में, परिवार ने आरोप लगाया है कि फिल्म इंडियन आर्मी या मेजर शर्मा के कानूनी वारिसों से इजाजत लिए बिना बनाई गई। याचिका में कहा गया कि फिल्म में अशोक चक्र और मेडल विजेता मोहित शर्मा की जिंदगी, सीक्रेट ऑपरेशन और शहादत से सीधे जुड़ी हुई लगती है। उनका कहना है कि मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मेकर्स ने 'धुरंधर' को मेजर शर्मा की कहानी से जोड़ा है, लेकिन फिल्म बनाने वालों ने ना तो इसे माना है और न ही कभी परिवार से सलाह ली है।

### बिना इजाजत के नहीं बन सकती फिल्म

याचिका में कहा गया है कि शहीद कोई फायदे की चीज नहीं है। यह भी कहा गया कि किसी को भी यह अधिकार नहीं है कि वारिसों से इजाजत लिए बिना सैनिक की जिंदगी पर फिल्म बनाए। परिवार का कहना है कि बिना इजाजत के सैनिक की जिंदगी को दिखाना, संविधान के आर्टिकल 21 के तहत पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन है।



सिद्धांत चतुर्वेदी के लिए प्यार 'एक एहसास', कहा-

# 'लव स्टोरी' तो बस एक शब्द है...

**अभिनेता** सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने शहर में' में नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। शुक्रवार को अभिनेता ने सोशल मीडिया पर दिल छूने वाला पोस्ट किया। शुक्रवार को सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर एक छोटा-सा वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह अकेले पहाड़ की चोटी पर बैठे हैं, चारों तरफ बादल और हवा का शोर है। इस वीडियो के साथ उन्होंने प्यार और लव स्टोरी को लेकर गहरी बातें लिखीं, जो हर किसी को सोचने पर मजबूर कर रही हैं। अभिनेता ने वीडियो पोस्ट करने के साथ ही लिखा, 'लव स्टोरी, तो बस एक शब्द है, जिसे हम तब इस्तेमाल करते हैं, जब हमें कुछ भी समझ में नहीं आता है कि उस रिश्ते को क्या नाम दें। बात सीधी सी है कि सच्चे प्यार को किसी कहानी की जरूरत नहीं है और कहानी में प्यार नहीं होता है। उन्होंने आगे लिखा कि लव स्टोरी में शुरुआत, बीच और अंत तक बातें ही होती हैं। उन्होंने लिखा, 'प्यार तो बस एक एहसास है, जो किसी भी परिभाषा से बड़ा हो जाता है या फिर एक याद, जिसे हम कहानी का रूप देते हैं ताकि बीती हुई चीजों को समझ सकें। फिल्म 'दो दीवाने शहर में' की बात करें तो इसका निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है और प्रोड्यूस संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इसमें प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी हैं। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है। फिल्म 29 फरवरी 2026 को रिलीज होगी। अभिनेता की हालिया रिलीज फिल्म 'धड़क-2' थी। शाजिया इकबाल द्वारा निर्देशित फिल्म का निर्माण करण जौहर ने किया था।

## उत्तराखंड में अभिनेता श्रेयस तलपड़े-आलोक नाथ पर FIR

उत्तराखंड में पिछले सालों से चर्चा में रहे LUCC घोटाले में अब बड़ा मोड़ आया है। सीबीआई ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए 46 लोगों को आरोपी बनाया है। इसमें बॉलीवुड



अभिनेता श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ भी शामिल हैं, जो इस ठगी करने वाली कंपनी के ब्रांड एंबेसडर थे। LUCC यानी लोनी अर्बन मल्टी क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी ने उत्तराखंड में 2019 से संचालन शुरू किया था। कंपनी ने कम समय में अधिक मुनाफे का लालच दिखाकर लोगों से करोड़ों रुपए जमा करवाए। इसके लिए 35 से अधिक शाखाएं खोली गई थीं और कई एजेंटों को काम पर लगाया गया था। कंपनी ने निवेशकों से विदेश में सोना, तेल, रिफाइनरी समेत अन्य क्षेत्रों में निवेश का दावा कर मोटा लाभ देने का वादा किया। लेकिन अचानक कार्यालय बंद हो गए और निवेशकों के पैसे अटक गए। इससे परेशान होकर लोग पुलिस के पास पहुंचे, जिससे मामला हाईकोर्ट तक गया और सीबीआई जांच का आदेश हुआ।

## अनन्या पांडे के साथ जयपुर में लॉन्च किया 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक

**कार्तिक** आर्यन ने अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में अपनी लीडिंग लेडी अनन्या पांडे के साथ फिल्म का धमाकेदार टाइटल ट्रैक जयपुर में लॉन्च किया, जहां उनका बेमिसाल स्वैग, उनकी ज़बरदस्त बॉडी, आकर्षक टैटूज़ और हैवी हुक स्टेप्स वाले फुटवर्क ने माहौल को पूरी तरह बदल दिया है। फिलहाल फैन्स पहले ही इस गाने को लेकर दीवाने हो चुके हैं क्योंकि गाने की सबसे बड़ी खूबी है कार्तिक और अनन्या की खूबसूरती से भरपूर, मॉडर्न और यूथफुल केमिस्ट्री। इसके अलावा कार्तिक का चुलबुला अंदाज़, सिंक्रोनाइज़्ड डांस, फ्लर्टिंग और एनर्जी उनकी ऑन-स्क्रीन बॉन्डिंग को बेहद ऑर्गेनिक और रियल बनाते हैं। टाइटल ट्रैक में उनकी कैमिस्ट्री उनकी अब तक की सबसे दिलचस्प जोड़ियों में से एक है, जो कम्फर्ट और स्पार्क का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। इस गीत में रेमो डिसूज़ा की हाई-वोल्टेज कोरियोग्राफी के साथ उनके सिग्नेचर स्टाइल ने इस गाने को और भी धमाकेदार बना दिया है। शार्प फुटवर्क के साथ फ्लुइड स्लाइड्स, क्राउड-फ्रेंडली हुक स्टेप्स और रिदम-बेस्ड पैटर्न्स कार्तिक की ज़बरदस्त स्क्रीन प्रेज़ेंस और उनके बेस्ट डांस मूव्स को खूबसूरती से उभारते हैं। अगर ये कहें तो गलत नहीं होगा कि कार्तिक और अनन्या की इंटरैक्टिव, प्लेफुल



पार्टनर कोरियोग्राफी इस ट्रैक की खास यूएसपी है। गौरतलब है कि कार्तिक आर्यन के लिए जयपुर हमेशा भावनाओं और यादों से जुड़ा शहर रहा है, या यूँ कहें कि जयपुर हमेशा से उनके दिल के सबसे करीब रहा है और इसकी वजह है उनकी सुपरहिट फिल्मों का जयपुर से कनेक्शन।

गौरतलब है कि कार्तिक की सुपरहिट फिल्म 'भूल भुलैया 2' की शूटिंग जयपुर में हुई थी, फिर 'भूल भुलैया 3' का भव्य ट्रेलर लॉन्च जयपुर के राज मंदिर में हुआ था. यहीं उन्हें पहला बेस्ट एक्टर के लिए आइफा अवॉर्ड मिला था। अब जब उनकी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक का भी इसी शहर में लॉन्च हुआ है, तो यह उनके फिल्मी यात्रा के एक और अहम पड़ाव में शामिल हो गए हैं।

यही वजह है कि इस शहर के साथ आज का दिन भी उनके लिए काफी भावनात्मक हो गया है। हालांकि कार्तिक आर्यन के फ़िल्मी सफर के अलावा फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में भी जयपुर की बहुत बड़ी भूमिका है क्योंकि क्रोएशिया के अलावा, फिल्म का एक बड़ा हिस्सा जयपुर और नवलगढ़ में शूट किया गया है।

## ओपनिंग डे पर छाई 'तेरे इश्क में'

- 'गुस्ताख इश्क' ने की धीमी शुरुआत; जानें 'जूटोपिया 2' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन



शुक्रवार को सिनेमाघरों में बॉलीवुड फिल्मों के साथ हॉलीवुड फिल्म ने भी दस्तक दी है। आइए जानते हैं इन फिल्मों का ओपनिंग डे कलेक्शन कैसा रहा? शुक्रवार को सिनेमाघरों में 'तेरे इश्क में', 'गुस्ताख इश्क' और 'जूटोपिया 2' जैसी फिल्में रिलीज हुईं। ओपनिंग पर कुछ फिल्मों ने अच्छा किया तो कुछ फिल्में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। आइए जानते हैं इन फिल्मों के अलावा दूसरी फिल्मों ने शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है?

धनुष और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'तेरे इश्क में' का दर्शकों को काफी इंतजार था। अब यह इंतजार खत्म हुआ। 28 नवंबर को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। ओपनिंग डे पर इसने 16.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 85 करोड़ रुपये है। इस लिहाज से इसकी पहले दिन की कमाई काफी अच्छी है।



एली अवराम ने बतायी 'हुमा डोल' के पीछे अपने सपनों की कहानी, बोलीं-

# 'प्रिंसेस की तरह कर रही थी महसूस'

**बॉलीवुड** और इंटरनेशनल म्यूजिक के फैंस के लिए 'हुमा डोल' एक यादगार म्यूजिक वीडियो बन गया है। यह गाना न सिर्फ अपने खूबसूरत संगीत के लिए चर्चा में है, बल्कि इसके पीछे की कहानी भी किसी सपने की तरह है। अभिनेत्री एली अवराम ने इंटरव्यू में अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे यह प्रोजेक्ट उनके लिए दो बड़े सपनों को सच करने जैसा रहा। एली अवराम ने कहा कि उन्होंने हमेशा चाहा था कि वह मोरक्को के सुपरस्टार गायक साद लमजार्रेड के साथ किसी म्यूजिक वीडियो में काम करें। उनके लिए यह मौका लंबे समय से एक सपना बनकर रहा था। उन्होंने कहा, ''जब मैंने साद लमजार्रेड का एक सुपरहिट अरबी गाना सुना था, तब से ही मन में यही इच्छा थी कि एक दिन उनके साथ काम करेंगी। यह सपना आखिरकार 'हुमा डोल' के जरिए सच हो गया।'' गाने को एक साल पूरा होने पर जब उनसे यादों के बारे में पूछा गया, तो एली ने कहा कि उनके दिमाग में सेट की एनर्जी और उत्साह समेत कई यादें ताजा हो गईं।

उन्होंने कहा, 'मेरे इस अनुभव ने दो सपनों को पूरा किया। पहला सपना तो साद लमजार्रेड के साथ काम करने का था और दूसरा सपना था कि मैं किसी पुराने जमाने की कहानी में एक प्रिंसेस जैसा लुक अपनाकर अभिनय करूं। 'हुमा डोल' ने मेरे इन दोनों सपनों को पूरा किया। मैं शूटिंग के दौरान सच में खुद को एक प्रिंसेस की तरह महसूस कर रही थी। बात करते हुए एली ने कहा, ''जब म्यूजिक वीडियो की टीम ने मुझे कास्ट करने के लिए संपर्क किया, तब एहसास हुआ कि बड़े सपने देखने से कभी डरना नहीं चाहिए। अगर आप अपने सपनों को लेकर गंभीर रहते हैं और उन्हें महसूस करने की इच्छा रखते हैं, तो एक दिन वह सच हो सकते हैं। मेरे इस अनुभव ने साबित कर दिखाया कि सपने सच में पूरे हो सकते हैं। 'हुमा डोल' गाने को लेकर एली ने बताया कि म्यूजिक वीडियो शूट करना उनके लिए किसी फिल्म बनाने से कम नहीं लगता, क्योंकि इसमें सिर्फ अभिनय ही नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस और इमोशन भी देना पड़ता है। उन्हें उम्मीद है कि आगे भी उन्हें ऐसे ही शानदार और जादुई म्यूजिक वीडियो करने का मौका मिलेगा।

अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर

# अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने बॉयफ्रेंड संग की शादी





बंगाली एक्ट्रेस तनुश्री ने अपने बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

### अमेरिका में छुट्टियां बिता रही थीं एक्ट्रेस

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं।

### दोनों की पहली मुलाकात के बाद प्यार

दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं।



# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मध्य प्रदेश शूटिंग टीम का शानदार प्रदर्शन

- राजस्थान में स्कीट इवेंट्स में एमपी के निशानेबाजों ने जीते 5 पदक

एजेंसी

**भोपाल :** राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में मध्य प्रदेश की शूटिंग टीम ने शनिवार को हुए स्कीट इवेंट्स में दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक अपने नाम किए। मप्र के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और टीम दोनों वर्गों में उत्कृष्ट तालमेल, सटीक निशानेबाजी और निरंतरता का परिचय दिया। स्कीट मिक्स्ड इवेंट में शिवानी रैकवार ने गोल्ड, वंशिकाझ्ज्योतिरादित्य ने जीता सिल्वरप्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए स्कीट मिक्स्ड इवेंट में मध्य प्रदेश की शिवानी रैकवार ने अपने उत्कृष्ट नियंत्रण और तेज रिफ्लेक्सेस के दम पर गोल्ड मेडल जीता। वहीं वंशिका और ज्योतिरादित्य की जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं, मानसी और दुश्यांश की जोड़ी ने शानदार संतुलन दिखाते हुए महत्वपूर्ण ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। स्कीट टीम वूमेन में एमपी की बेटियों का तूफानी प्रदर्शन – गोल्ड मेडलमहिला टीम वर्ग में मानसी, वंशिका और शिवानी की त्रिमूर्ति ने बेहतरीन





रिद्म और निरंतरता के साथ सभी राउंड्स में बढ़त बनाए रखी और गोल्ड मेडल जीता। टीम की फोकस और तेज प्रतिक्रिया ने उन्हें पूरे मुकाबले में बढ़त दिलाई। स्कीट टीम मैन में ज्योतिरादित्यझ्दुश्यंतझ्अमन चौहान ने दिलाया ब्रॉन्जपुरुष टीम स्कीट में ज्योतिरादित्य, दुश्यंत और अमन चौहान की टीम ने स्थिर प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। टीम ने कठिन परिस्थितियों में भी संयम बनाए रखा और अंतिम राउंड्स में शानदार वापसी करते हुए पदक सुनिश्चित किया। मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शूटिंग टीम को बधाई देते हुए कहा कि ह्स्कीट इवेंट्स में यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और राज्य की आधुनिक प्रशिक्षण प्रणाली का परिणाम है। एमपी के युवा अब शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना रहे हैं। मध्य प्रदेश की शूटिंग अकादमी में अत्याधुनिक शूटिंग रेंज, अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन और वैज्ञानिक प्रशिक्षण पद्धतियों ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की दबाव स्थितियों के लिए पूरी तरह तैयार किया है। खिलाड़ियों की फिटनेस, फोकस और मानसिक मजबूती आज के बेहतरीन नतीजों में साफ दिखाई दी।एमपी के पैडलर्स का दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शनउत्तराखंड के न्यू टिहरी में 28 से 30 नवम्बर तक आयोजित प्रेसिडेंट कप ओपन इंटरनेशनल कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2025 और चौथी टिहरी कैनो चैंपियनशिप 2025 में मध्य प्रदेश के पैडलर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

# योगी सरकार की बिजली बिल राहत योजना से मिलेगी उपभोक्ताओं को बड़ी सहूलियत

- 1 दिसंबर से पूरे प्रदेश में लागू हो रही है बिजली बिल राहत योजना
- आसान किस्तें व औसत खपत के आधार पर बिल का कैंपों में होगा समायोजन

एजेंसी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में एक दिसंबर से प्रारंभ हो रही बिजली बिल राहत योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का वह महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कदम माना जा रहा है, जिसका सीधा लाभ आम नागरिकों और छोटे बिजली उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के घरेलू और छोटे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बिजली बिल के बोझ से राहत देना और उन्हें एक सरल, सम्मानजनक समाधान प्रदान करना है। इस योजना का लाभ उपभोक्ता एक दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक उठा सकेंगे।इस योजना के अंतर्गत पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज और सरचार्ज माफी और मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है। 2 किलो वाट तक छोटे घरेलू उपभोक्ता तथा एक किलोवाट तक के कनेक्शन वाले व्यावसायिक ग्राहकों को विशेष लाभ मिलेगा। इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का विजन स्पष्ट होता है कि बिजली उपभोक्ताओं के साथ सहानुभूतिपूर्ण और सहयोगात्मक व्यवहार स्थापित किया जाए। यूपीपीसीएल के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने समीक्षा बैठक में कहा कि आम जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए सरकार बकाया बिलों के समाधान के लिए यह व्यापक राहत योजना लेकर आयी है। आसान किस्तों की सुविधा और बढ़े हुए बिलों को औसत खपत के आधार पर स्वचालित रूप से समायोजित करने की व्यवस्था से उपभोक्ताओं को वास्तविक आर्थिक राहत मिलेगी। विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए यह योजना बड़ी राहत का माध्यम बनेगी जो पूर्व में अनाधिकृत विद्युत उपयोग से जुड़े प्रकरणों में उलझे थे। इस योजना के अंतर्गत ऐसे प्रकरणों में चल रहे मुकदमों का निस्तारण कराया जाएगा, जिससे प्रभावित परिवारों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से छुटकारा मिलेगा। इस योजना में पंजीकरण सरल प्रक्रिया से होगा, जिसे ६६६. ४स्त्रस्त्रू'.ङ्ग१ॅ के माध्यम से ऑनलाइन या अपने स्थानीय बिजली खंड कार्यालय में जाकर पूरा किया जा सकता है। उपभोक्ताओं को विस्तृत सूचना उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसमें नोटिस, पंपलेट, सूचना पत्र और गांव तथा शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह योजना गरीब परिवारों, छोटे दुकानदारों, किसान उपभोक्ताओं और ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र बिजली ग्राहकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगी। ब्याज माफी और मूलधन में छूट तत्काल राहत देती है, वहीं आसान किस्तों का विकल्प मासिक आर्थिक दबाव कम करेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह प्रयास न केवल उपभोक्ताओं को राहत देगा बल्कि राज्य की विद्युत व्यवस्था में अनुशासन और विश्वास की नई नींव भी स्थापित करेगा। सरकार का संकल्प स्पष्ट है कि हर उपभोक्ता को न्यायपूर्ण, सुलभ और सरल ऊर्जा व्यवस्था मिले, जिससे प्रदेश के नागरिक ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक राहत का लाभ समान रूप से प्राप्त कर सकें।

## मध्य प्रदेश में सर्दी ने पकड़ी रफ्तार, 14 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे, दिसंबर में बढ़ेगी ठंड

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में एक बार फिर ठंड ने रफ्तार पकड़ ली है। दिसंबर के पहले हफ्ते में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। राजधानी भोपाल में दो दिन से शीतलहर चल रही है। वहीं 14 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे लुढ़क गया है। जबकि कई शहरों में सुबह के समय कोहरा छा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, देश के उत्तरी हिस्से में एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) एक्टिव है। इससे उत्तरी राज्यों में बर्फबारी होगी और फिर अगले कुछ दिनों के बाद प्रदेश में ठंडी हवाएं आने लगेगी। इससे पारे में और भी गिरावट होगी। दूसरी ओर, इन दिनों प्रदेश के कई शहरों में कोहरा भी छा रहा है। भोपाल में रात में से ही धुंध का असर शुरू हो जाता है। वहीं, सुबह के समय विजिबिलिटी 1 से डेढ़ हजार मीटर तक रहती है। रविवार को भी कोहरा रहने का अनुमान है।

शनिवार को भी भोपाल में शीतलहर चली। दिन में पारा 25.5 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग ने बताया, अगले कुछ दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। वहीं, दिसंबर के पहले सप्ताह से प्रदेश में फिर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा, जो अगले दो महीने यानी, जनवरी तक चलता रहेगा। शुक्रवार-शनिवार की रात की बात करें तो प्रदेश के कई शहरों में पारे में खासी गिरावट दर्ज की गई। छतरपुर के नौगांव में सबसे कम 6.1 डिग्री और प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 6.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं, राजधानी भोपाल में तापमान 8.6 डिग्री पहुंच गया। इंदौर में 10.4 डिग्री, ग्वालियर में 10.5 डिग्री, उज्जैन में 14 डिग्री और जबलपुर में पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा। कल्याणपुर में 7.1 डिग्री, उमरिया-अमरकंटक में 7.6 डिग्री, रीवा में 7.8 डिग्री, मलाजखंड में 8.7 डिग्री, राजगढ़-खजुराहो में 9 डिग्री, मंडला-छिंदवाड़ा में 9.4 डिग्री, दमोह में 9.5 डिग्री, बैतूल में 9.7 डिग्री दर्ज किया गया।

## बीएलओ ड्यूटी के दबाव में नहीं करा पाए बच्चे का इलाज, पांच माह के मासूम की मौत

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के शहर के मोहल्ला नारायणपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां सफाई कर्मी पर जबरन बीएलओ ड्यूटी थोपे जाने के चलते उसके पांच माह के बीमार बच्चे को समय पर इलाज नहीं मिल सका और रविवार को मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा है और मोहल्ले के लोगों में भी गहरा आक्रोश व्याप्त है। नारायणपुर निवासी सफाई कर्मी भोले सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पांच माह के बेटे शिवा की तबीयत पिछले कई दिनों से खराब चल रही थी। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी में थे, लेकिन इसी बीच उन पर लगातार बीएलओ ड्यूटी का दबाव बना रहा। उन्होंने बताया कि वह नियमित रूप से सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत हैं, लेकिन पिछले पांच दिनों से उनसे सफाई कार्य कराने के बाद बीएलओ के साथ भी तैनाती कर दी गई थी। भोले सिंह के अनुसार सुपरवाइजर ओमकार उन्हें बार-बार बीएलओ कार्य में भेजने का दबाव बना रहे थे, जबकि उन्होंने कई बार बच्चे की गंभीर हालत का हवाला देते हुए अवकाश की मांग की। आरोप है कि उनकी गुहार को नजरअंदाज किया गया और मजबूरन उन्हें दैनिक कार्य के साथ बीएलओ ड्यूटी भी निभानी पड़ी।

## प्रधानमंत्री के विचार उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा देते हैं: मुख्यमंत्री धामी




एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ह्यमन की बातह्न में उत्तराखंड के प्रति अपना विशेष स्नेह दिखाया है। उनके राज्य के विंटर टूरिज्म, साहसिक खेलों, वेडिंग डेस्टिनेशन और तेजी से बढ़ती पर्यटन संभावनाओं का उल्लेख करने से राज्य को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक बयान जारी कहा कि उत्तराखंड की बढ़ती लोकप्रियता से लेकर आदि कैलाश अल्ट्रा मैराथन और आगामी विंटर गेम्स के साथ ही वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में देवभूमि की उभरती पहचान को लेकर प्रधानमंत्री के विचार प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा देते हैं। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदि कैलाश में 3 साल पहले तक 2 हजार पर्यटकों से बढ़कर अब 30 हजार होने का उल्लेख किया है। देवभूमि उत्तराखंड के सतत विकास और संभावनाओं को विश्व पटल पर रेखांकित करने के लिए समस्त प्रदेशवासियों की ओर से धामी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली के लाहौरी गेट में नकली सिगरेट का बड़ा भंडाफोड़, 3.50 लाख से अधिक सिगरेट स्टिक बरामद, दो गिरफ्तार

एजेंसी



**नई दिल्ली :** उत्तरी जिले के लाहौरी गेट इलाके में जिले की डीआईयू टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ठिकानों से करीब 3.50 लाख नकली सिगरेट स्टिक बरामद की हैं। पुलिस टीम ने इस संबंध में दो आरोपित रामजीत उर्फ विजय और अंकित को मौके से ही गिरफ्तार किया। यह लोग नामी ब्रांड–गोल्ड फ्लेक, मार्लबोरो, मैनचेस्टर, बेंसन एंड हेजेस, फोर स्क्वॉयर, कैवेंडर्स और अमेरिकन टोबैको की नकली सिगरेट को असली बताकर बेच रहे थे। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने रविवार सुबह बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसआई देवेंद्र अंटिल और एसआई प्रभास कुमार की टीम ने कई दिनों तक सादी वर्दी में रेकी कर पुख्ता जानकारी जुटाई। खुफिया जानकारी की पुष्टि के बाद पुलिस ने कुचा शिव मंदिर, नया बांस स्थित दो घरों में पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध स्टॉक जब्त किया। पुलिस ने मौके से 10 से अधिक बोरियों में पैक हजारों स्टिक बरामद कीं। जिनमें गोल्ड फ्लेक की 24,800, मार्लबोरो की 1,02,000 और मैनचेस्टर यू.के. की 70,000 स्टिक शामिल हैं। छापेमारी के दौरान फोर स्क्वॉयर, बेंसन एंड हेजेस, कैवेंडर्स, ऐसा लाइट, पेरिस, विन, मोंड एप्पल, डीजे रम ब्लैक, पाइन और गोदाम ग्राम जैसी ब्रांडिंग वाले नकली पैकेट भी पुलिस को मिले।

## सोनपुर मेले में आज नौका दौड़ का होगा आयोजन

**सारण :** एशिया के सबसे बड़े पशु मेले के लिए प्रसिद्ध सोनपुर मेला में जिला प्रशासन की ओर से मेले के मुख्य आकर्षणों में से एक, रोमांचक एवं साहसिक नौका दौड़ का आयोजन रविवार को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच एक बड़ा आकर्षण का केंद्र बनती है, जिसमें कुशल नाविक अपनी पारंपरिक नौकाओं के साथ गंगा और गंडक नदी के संगम के पास अपनी ताकत और गति का प्रदर्शन करते हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए दिनेश कुमार साहनी को संयोजक बनाया गया है उन्होंने बताया कि नौका दौड़ प्रतियोगिता के लिए के गंगा और गंडक नदी में प्रशासन द्वारा पुल घाट से कालीघाट सोनपुर तक स्थान निर्धारित किया गया है। घाटों पर बड़ी संख्या में दर्शकों को इकठ्ठा होने और इस शानदार प्रतिस्पर्धा का आनंद लेने शानदार व्यवस्था किया गया है। जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल मेले की रौनक बढ़ाना है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और जल–क्रीड़ा की परंपरा को भी जीवित रखना है।

## हिमाचल कांग्रेस के नये अध्यक्ष विनय कुमार आज संभालेंगे पदभार

एजेंसी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार आज रविवार को पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में पदभार ग्रहण करेंगे। उनके स्वागत व शपथ ग्रहण समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सांसद रजनी पाटिल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्री मंडल के सभी सदस्य, सभी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, पार्टी के सभी विधायक, बोर्ड एवं निगमों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के साथ ही करीब डेढ़ वर्ष बाद हिमाचल कांग्रेस को नई कार्यकारिणी मिलने का रास्ता भी साफ हो गया है। प्रदेश में पार्टी संगठन की राज्य, जिला और ब्लॉक इकाइयां नवंबर 2024 से भंग चल रही हैं, ऐसे में राज्य अध्यक्ष के चयन के बाद अब संगठनात्मक ढांचे के गठन की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। विनय कुमार की तैनाती के बाद अब प्रदेश कार्यकारिणी घोषित होने का इंतजार है। पार्टी ने हाल ही में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती की है और उनकी रिपोर्ट के आधार पर नियुक्ति होगी। आगामी पंचायत चुनावों को देखते हुए नई टीम के गठन का दबाव बढ़ गया है, जिससे संगठन को मजबूत आधार मिल सके। विनय कुमार सिरमौर जिले की श्री रेणुका जी विधानसभा सीट से लगातार तीसरी बार विधायक हैं। उनके पिता प्रेम सिंह भी इसी सीट से पांच बार विधायक रह चुके हैं। विनय कुमार को प्रतिभा सिंह की जगह प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वह अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं और कांग्रेस ने लगभग 20 वर्ष बाद अनुसूचित जाति से किसी नेता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनसे पहले वर्ष 2004 में कुलदीप कुमार इस पद पर थे। पार्टी नेताओं के अनुसार विनय कुमार की नियुक्ति आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर की गई है, ताकि संगठनात्मक ढांचा मजबूत किया जा सके और पार्टी को नई दिशा दी जा सके। कांग्रेस कार्यकताओं में नये अध्यक्ष को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

# वाराणसी रन फॉर केटीएस 4.0 : तमिलनाडु और काशी की सांस्कृतिक एकता का संदेश लेकर दौड़े सैकड़ों युवा

एजेंसी



**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में होने वाले 'काशी तमिल संगमम' के चौथे संस्करण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को तमिलनाडु और काशी की सांस्कृतिक एकता के संदेश के साथ ह्यरन फॉर केटीएस 4.0ह्न का आयोजन किया गया। इस दौड़ में युवाओं का उत्साह देखने लायक था। बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में आज सुबह एकत्र विद्यार्थियों में एक नया उत्साह देखने को मिला। सुबह 7:30 बजे मालवीय भवन से बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने ह्यरन फॉर केटीएस 4.0ह्न को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यहां से शुरू होकर रविदास गेट तक हुई तमिलनाडु और काशी की सांस्कृतिक एकता का संदेश देने वाली इस दौड़ में युवाओं का जोश व उत्साह देखने लायक था। तमिलनाडु और काशी की सांस्कृतिक एकता को सशक्त करने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जोड़ना और उन्हें राष्ट्र की विविध विरासत के प्रति जागरूक करना था। शुभारंभ से पहले कुलपति प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि युवाओं की इतनी संख्या देखकर हमें भी उत्साह आ गया है। इस विश्वविद्यालय में हर राज्य के लोग रहते हैं। हमारा विश्वविद्यालय काशी तमिल संगमम-4 को मना रहा है। इससे हमारे प्राचीन सभ्यता, आध्यात्मिक, संगीत का भी एक संगम हो रहा है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व फिजिकल एजुकेशन, कला संकाय, बीएचयू के प्रो. भुवन चंद्र कपरी ने बताया कि इस दौड़ का मकसद केवल खेल को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि काशी और तमिलनाडु की ऐतिहासिक साझेदारी को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती है और राष्ट्रीय एकता का संदेश मजबूत होता है। सह-संयोजक व असिस्टेंट डायरेक्टर, फिजिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स (रैकेट गेम्स) डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस बार मैराथन में बीएचयू के छात्रों के साथ-साथ आस-पास के कॉलेजों और समुदाय से भी बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस पूरे कार्यक्रम की निगरानी करने वाले समन्वय नोडल ऑफिसर प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने बताया कि काशीझ्रतमिल संगमम बीएचयू का एक प्रमुख सांस्कृतिक सेतु है, जो दक्षिण और उत्तर भारत के प्राचीन संबंधों को वर्तमान में जीवंत करता है। रन फॉर केटीएस 4.0 इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसमें युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। दौड़ शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों, सुरक्षा दिशा-निर्देशों और मार्ग के बारे में जानकारी दी गई।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने जननेता भीमबर देउरी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को जननेता भीमबर देउरी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि देउरी ने अपने जीवन को असम की जाति, माटी और भेटी (जड़) की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया था। विभाजन के समय ब्रिटिश प्रशासन की ओर से प्रस्तावित ह्यग्रुपिंग सिस्टमह्न के खिलाफ देउरी का दृढ़ विरोध असम को पूर्वी पाकिस्तान में शामिल होने से बचाने की दिशा में निर्णायक साबित हुआ। उन्होंने कहा कि इतिहास उनके इस अतुलनीय योगदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। डॉ. सरमा ने कहा कि आज राज्य उनके त्याग और दूरदर्शिता का सम्मान करता है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, ह्लउनकी पुण्यतिथि पर मैं इस महान नेता को हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने 3 लोगों को मारी टक्कर, एक की मौत

**नई दिल्ली :** उत्तर पश्चिमी जिले के वसंत कुंज नॉर्थ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा देर रात करीब 2:33 बजे नेल्सन मंडेला मार्ग पर मॉल के सामने हुआ। पुलिस के अनुसार, एक तेज रफ्तार मर्सिडीज अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ऑटो स्टैंड पर खड़े तीन युवकों को टक्कर मार गई। तीनों युवक अंबियंस मॉल स्थित एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी हैं। हादसे के बाद तीनों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां 23 वर्षीय रोहित, निवासी चमोली (उत्तराखंड) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाकी दो घायल उपचाराधीन हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मर्सिडीज अचानक नियंत्रण खो बैठी और बिजली के खंभे से टकराती हुई सीधे ऑटो स्टैंड पर जा पहुंची। कार को करोल बाग निवासी 29 वर्षीय शिवम चला रहा था। हादसे के समय उसकी पत्नी और बड़ा भाई भी कार में मौजूद थे। पुलिस ने शिवम को मौके से ही हिरासत में ले लिया है। उत्तर पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के अनुसार जांच में यह भी पता चला है कि जिस मर्सिडीज से हादसा हुआ, वह शिवम के दोस्त अभिषेक की है। आरोपित शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज लिया है। जांच जारी है।

### शादी समारोह के दौरान फायरिंग, किशोर की मौत

**नई दिल्ली :** शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क इलाके में शादी समारोह के दौरान फायरिंग की घटना में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात कम्युनिटी सेंटर, डीडीए मार्केट के पास हुई, जहां से एक बारात गुजर रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्राइम टीम को बुलाया गया। जांच में पता चला कि न्यू मॉडर्न शाहदरा का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर बारात के दौरान हुए झगड़े में गोली लगने से घायल हो गया। उसे तुरंत हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित सीआईएसएफ में हेड कॉन्स्टेबल है और वर्तमान में कानपुर उप्र में तैनात है। पुलिस ने उसके कब्जे से पिस्टल बरामद की है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मौके पर आरोपित और किशोर के बीच अचानक विवाद हुआ, जिसके दौरान फायरिंग की घटना हो गई। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### निम्न दबाव का असर - कोलकाता में अभी भी नहीं बढ़ेगी ठंड

**कोलकाता :** महानगर कोलकाता समय दक्षिण बंगाल में अभी भी बहुत अधिक ठंड नहीं पड़ रही है। मौसम विभाग ने रविवार को जारी अपने बयान में बताया है कि फिलहाल बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव की वजह से ठंडी हवाएं प्रवेश नहीं कर पा रहीं और तापमान 17 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है, जिसके कारण बहुत अधिक ठंड नहीं पड़ रही है। कोलकाता के लिए अगले 24 घंटो का स्थानीय पूवार्नुमान बताता है कि आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा और सुबह के समय हल्की धुन्ध छाने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.0 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य के बराबर है। अधिकतम सापेक्ष आर्द्रता 92 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 42 प्रतिशत मापी गई। पिछले 24 घंटों में पूरे राज्य में किसी भी तरह की वर्षा दर्ज नहीं की गई। इससे शहर में मौसम शुष्क बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने इस बात की संभावना जताई है कि अगले हफ्ते के अंत तक राज्य में तापमान में गिरावट होगी और ठंड बढ़ सकती है।

### सीएचसी अजीतमल का वाटर एटीएम ठप, स्वच्छ पानी के लिए परेशान मरीज और तीमारदार

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के अजीतमल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अजीतमल परिसर में नगर पंचायत औरैया बाबरपुरझ्रअजीतमल द्वारा मरीजों व तीमारदारों की सुविधा के लिए स्थापित वाटर एटीएम पिछले कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है। बढ़ती भीड़ और अस्पताल में आने वाले लोगों की दैनिक जरूरतों के बीच स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता न होना गंभीर समस्या बनकर उभर रही है। मशीन के बंद होने से अस्पताल पहुंचने वाले मरीज, तीमारदार तथा आसपास के स्थानीय नागरिक स्वच्छ पानी की तलाश में इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। लाखों रुपये की लागत से लगाया गया यह वाटर एटीएम उचित रखरखाव और नियमित निगरानी न मिलने के कारण धीरे-धीरे कबाड़ का रूप लेता जा रहा है। अस्पताल में आने वाले लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर स्वच्छ पानी उपलब्ध होना सबसे प्राथमिक आवश्यकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई बार समाचार पत्रों में मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, वहीं स्थानीय लोगों ने भी नगर पंचायत प्रशासन से शिकायतें कीं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। इधर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश चक ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि वाटर एटीएम में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी नहीं है। उनके अनुसार, ह्लबिजली और पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण मशीन बंद हो जाती है। फिर भी, नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टेक्नीशियन को भेजकर समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।ह्व उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही मशीन को दुरुस्त कर पूर्ण क्षमता के साथ चालू कराया जाएगा। स्थानीय नागरिक उमेश चन्द्र , आलोक कुमार, उदय , अखिलेश सिंह का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते नियमित आपूर्ति और रखरखाव पर ध्यान दे, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा का निर्बाध उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। जनहित की दृष्टि से नगर पंचायत प्रशासन को चाहिए कि बिजलीझ्रपानी की आपूर्ति को स्थायी रूप से सुनिश्चित करते हुए वाटर एटीएम को जल्द से जल्द शुरू कराए, ताकि मरीजों और उनके तीमारदारों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत डीपीआईआईटी की अपर सचिव ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति को लेकर ठोस कार्ययोजना बनाने का निर्देश

## 06 प्रमुख क्षेत्रों व 49 संकेतकों पर जिले की प्रगति, लक्ष्य, उपलब्धियों तथा चुनौतियों की बिंदुवार समीक्षा




**विनय मिश्रा**

रांचीः केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की अपर सचिव तथा रांची जिले की प्रभारी अधिकारी हिमानी पांडे की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, मंजूनाथ भजन्त्री, उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार भगत, निदेशक (लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन)डीआरडीए, सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला कृषि पदाधिकारी रामशंकर सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी कावेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अजीत कुमार, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) रविशंकर मिश्रा, जिला सहकारिता पदाधिकारी रविन्द्र कुमार दास, जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, सचिव बाजार समिति, वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, सभी कार्यपालक अभियंता (ग्रामीण कार्य, पथ एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल), प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी मांडर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस निशिकांत नीरज, प्रबंधक आर-एसईटीआई/डीडीएम नाबार्ड सहित सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के सभी 06 प्रमुख क्षेत्रों एवं 49 संकेतकों पर जिले की प्रगति, लक्ष्य, उपलब्धियों तथा चुनौतियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। प्रमुख रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा एवं दिशा-निर्देश दिए गए :** स्वास्थ्य एवं पोषण ,शिक्षा ,कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं जल संसाधन/जल संरक्षण , वित्तीय समावेशन एवं बैंकिंग सेवाएं ,कौशल विकास एवं स्वरोजगार ,आधारभूत संरचना (सड़क, बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, सीएससी, डिजिटल कनेक्टिविटी आदि)

,पेयजल एवं स्वच्छता ,खेलकूद, वन अधिकार एवं पंचायती राज संस्थानों का सशक्तिकरण (9) अन्य केन्द्र प्रायोजित एवं राज्य योजनाओं की प्रगति ,आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत रांची जिला पिछले कई महीनों से लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

## स्कूलों के चाहरदीवारी निर्माण को लेकर प्राक्कलन तैयार किया जायेः उपायुक्त



**संवाददाता**

**दुमकाः** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षा विभाग से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रोजेक्ट डीईईपी के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि प्रोजेक्ट डीईईपी के तहत जिले के कुल 91 हाई स्कूल एवं +2 विद्यालयों में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्य किए जाने प्रस्तावित हैं। इस क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने जिले के 55 जर्जर विद्यालय भवनों को नियमानुसार ध्वस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विद्यालयों में बेंच-डेस्क की आवश्यकता का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करते हुए उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जो विद्यालय सड़क किनारे स्थित हैं, उनकी सुरक्षा को देखते हुए चाहरदीवारी निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार किया जाए। इसके अलावा अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भी प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता उपस्थित रहे।

## 141 किलो प्लास्टिक जब्त 300 दुकानदारों पर कार्रवाई



**संवाददाता**

**धनबादः** सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक को प्रभावी बनाने के लिए धनबाद नगर निगम ने शनिवार को शहरभर में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। हीरापुर पार्क मार्केट, हटिया क्षेत्र, कतरास, छाताटांड़, झरिया, धनबाद और सिंदरी में एक साथ छापामारी की गई। अभियान के दौरान कई दुकानों में 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग बड़ी मात्रा में मिले, जिन्हें तुरंत जब्त कर लिया गया। निगम की टीम ने कुल 300 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की और लगभग 141 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से मौके पर ही 28,000 रुपये जुमार्ना भी वसूला गया। छापामारी के दौरान दुकानदारों में हलचल देखी गई तथा कई दुकानों को नियमों का पालन न करने पर सख्त चेतावनी दी गयी।

अभियान का नेतृत्व कर रहे धनबाद अंचल प्रबंधक विशाल कुमार ने बताया कि कई दुकानों में 40 और 50 माइक्रोन तक के पतले प्लास्टिक कैरी बैग मिले, जबकि 120 माइक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्लास्टिक बेन का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने आम जनता से अपील की है कि खरीदारी के दौरान कपड़ा या जूट के थैले का उपयोग करें और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों की जानकारी निगम को दें, ताकि कार्रवाई और प्रभावी हो सके।


इन अधिकारियों को मिला अंचलों का जिम्मासिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चल रहे इस अभियान को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त ने पांच अंचलों में जिम्मेदारी तय की है। कतरास अंचल में सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, सिटी मैनेजर शब्बीर आलम। छाताटांड़ अंचल में सहायक नगर आयुक्त सन्नी कुमार व सिटी मैनेजर रजनीश लाल। झरिया अंचल में सहायक नगर आयुक्त सन्नी कुमार व सिटी मैनेजर विश्वनाथ भगत। धनबाद अंचल में सहायक नगर आयुक्त प्रसून्न कौशिक व सिटी मैनेजर विशाल सिन्हा। और सिंदरी अंचल में सहायक नगर आयुक्त प्रतिभा रानी व सिटी मैनेजर विकास चंद्रा ने अभियान का नेतृत्व किया।

### जनता दरबार का आयोजन

## समस्याओं के समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए गये आवश्यक दिशा-निर्देश

**संवाददाता**

**देवघरः** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी



गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

## दुमका बस पड़ाव में व्याप्त समस्याओं को लेकर सिविल सोसाइटी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**दुमकाः** शनिवार को सिविल सोसायटी दुमका के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपायुक्त दुमका से उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर अटल बिहारी वाजपेयी बस पड़ाव दुमका में व्याप्त समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।प्रतिनिधि मंडल में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,अनिकेत झा,रिंकू कुमार मंडल उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




**दुमकाः** जिला ग्रामीण विकास शाखा, दुमका के सभागार में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-01/02, दुमका अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत सभी चयनित मास्टर जलसहिया, प्रखंड वास समन्वयक एवं कनीय अभियंता को एफटीके किट के माध्यम से जल जांच एवं जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक अभियंता रमेश कुमार लोहरा के द्वारा की गई। प्रशिक्षण की शुरूआत कार्यपालक अभियंता एवं जलसहिया दीदी के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। जल गुणवत्ता विषय पर सभी मास्टर जलसहिया को कार्यपालक अभियंता द्वारा संबोधन के क्रम में बताया गया कि सभी जलसहिया प्रशिक्षण ग्रहण करने के उपरांत अपने-अपने गांव के सभी जल स्त्रोतों का एफटीके किट के माध्यम से जल जांच करेंगे और अपने गांव अंतर्गत 5-5 सक्रिय महिला को भी जल जांच करने के लिए सिखाएंगे ।जल जांच करने के उपरांत सभी जल सहिया अपने-अपने गांव का जल जांच प्रतिवेदन हदटक्र के पोर्टल पर अपलोड भी करेंगे। जल जीवन मिशन के तहत सभी अवयवो पर जिला समन्वयक-आइ इ सी के द्वारा विस्तार पूर्वक से चर्चा की गई । प्रशिक्षण किरण कुमारी, क्वालिटी मैनेजर, जिला स्तरीय जल जांच प्रयोगशाला दुमका के द्वारा विस्तार पूर्वक से सभी पैरामीटर को एक-एक कर प्रदर्शन कर बताया गया साथ ही साथ कुछ मास्टर जलसहिया के द्वारा प्रदर्शन के उपरांत उनके माध्यम से प्रदर्शन करवाया गया जिससे कि सभी जलसहिया निडर होकर जल जांच कर सके और अपने अधीनस्थ जलसहिया को प्रशिक्षित कर पाए। प्रशिक्षण में सभी मास्टर जलसहिया ,प्रखंड समन्वयक, कनीय अभियंता ,सहायक अभियंता एवं सभी जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

### अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक

## उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा- निर्देश



**देवघरः** जिले के उपायुक्त सह जिलादण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को अंतर्विभागीय समन्वय हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा प्रखंड व अंचल स्तर से जिला को भेजे जाने वाले प्रतिवेदनों के लंबित से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व अन्य विभाग के अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सही तरीके से प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराया जाय, ताकि जिला स्तर से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सही तरीके से क्रियान्वित किया जा सके व अधिक से अधिक लाभुकों को लाभान्वित किया जा सके।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि प्रखंड व अंचल स्तर से जांच प्रतिवेदन, योग्य लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन हो, कृषि, उद्यान, पशुपालन, कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य, आपूर्ति या जिले के अन्य विभाग से संबंधित प्रतिवेदनों का सही तरीके से एवं ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाता है तो जिले के अंतिम पंक्ति के लाभुकों को लाभ आसानी से पहुँचाया जा सकता है। बैठक के दौरान जिलास्तर के सभी अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सभी अपने निर्धारित कार्यक्रम के साथ-साथ प्रखंड व अंचलों का निरीक्षण किया जाय, ताकि किसी भी प्रकार की समस्याओं का उचित निराकरण किया जा सके एवं समस्त जिलेवासियों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

आपका रक्तदान करना किसी के जीवनदान के समान हैः उपायुक्त श्री लकड़ा द्वारा अंतर्विभागीय बैठक के माध्यम से बतलाया कि रक्तदान हमारे समाज के लिए नितांत आवश्यक है। रक्तदान करके न सिर्फ किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है बल्कि इससे हमारी सेहत को भी लाभ पहुँचता है। कई लोग यह सोचकर रक्तदान नहीं करते हैं कि इससे उनकी सेहत खराब हो जायेगी, जो कि एक भ्रम के अलावा कुछ भी नहीं है। ऐसे लोग सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में खून की कमी हो जायेगी और वे बीमार पड़ जायेंगे; जो कि पूर्णतः मिथ्या है। इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर नहीं पड़ता है। इसके अलावे उपायुक्त ने कहा कि कभी-कभी ब्लड बैंक में रक्त की अनुपलब्धता होने से रक्त की आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आवश्यक है कि हम सभी आगे आएं और एक अच्छे उद्देश्य की पूर्ति हेतु अवश्य रक्तदान करें। बैठक में उप विकास आयुक्त पियूष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा शैलेष कुमार, उप नगर आयुक्त सागरी बराल, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी , कर्मी व अन्य उपस्थित थे।



## दो दिवसीय ओपन कराटे चैंपियनशिप में 100 कराटेकार हुए शामिल

**जमशेदपुरः** झारखंड शोरिन रियू मतस्युब्यासी कराटे डू एसोसिएशन की मेजबानी में शनिवार से जैन भवन, साकची में छठी ओपन कराटे चैंपियनशिप की शुरूआत हुई। प्रतियोगिता में ओडिशा, बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड के लगभग 100 कराटेकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मौके पर आयोजन समिति के चेयरमैन विकास सिंह, ऑगेर्नाइजिंग डायरेक्टर राजीव सिंह, समाजसेवी नीरज सिंह और जितेंद्र कुमार शर्मा मौजूद थे। टूनार्मेंट का समापन रविवार को होगा। प्रतियोगिता में बालक व बालिका दोनों वर्गों में स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।

## जिला क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में लक्ष्मी व लखन चैंपियन



**जमशेदपुरः** पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से घाघीडीह स्थित सिद्धु तीयू ग्राउंड में जिला क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर के लगभग 100 एथलीटों ने हिस्सा लिया। हर वर्ग के विजेताओं को पदक व सर्टिफिकेट प्रदान की गयी। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर जिला टीम का चयन किया जायेगा। जो, स्टेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के दस किलोमीटर महिला वर्ग में लक्ष्मी मुर्मू विजेता बनी। शिवानी धनवार दूसरे व आशी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में लखन सोरेन पहले, पवन मुर्मू दूसरे व साहिल सामद तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-16 बालक वर्ग 2 किलोमीटर दौड़ में अतुल बारा पहले, वी शिवा दूसरे व साहिल तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-16 बालिका दो किलोमीटर दौड़ में जिया हेंब्रम पहले, सोनाली गुड़िया दूसरे व किरण सिरका तीसरे स्थान पर रही। अंडर-18 बालक वर्ग 6 किलोमीटर दौड़ सृजन मिश्रा पहले, भैरो हेंब्रम दूसरे व साहिल हेंब्रम तीसरे स्थान पर रहे। अंडर- 18 बालिका 4 किलोमीटर दौड़ में नंदनी कुमारी पहले, कोमल दूसरे और नीतू सिंह तीसरे स्थान पर रही। अंडर-20 बालक वर्ग 6 किलोमीटर दौड़ में लक्की पहले, राहुल महतो दूसरे व ऋषिकेश भगत तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 20 बालिका 6 किलोमीटर दौड़ में पूजा कुमारी विजेता बनी।